16 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 176


जेएमएम का 13वां महाधिवेशन : अंतिम दिन उत्साह से लबरेज रहे नेता और कार्यकर्ता



## झामुमो का 13वां महाधिवेशन संपन्न, पार्टी संविधान में संशोधन

# हेमंत सोरेन के हाथ झामुमो की कमान

■ शिबू सोरेन बनाये गये संस्थापक संरक्षक ■ 16 सूत्री राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की कमान अब हेमंत सोरेन संभालेंगे। पार्टी के 13वें महाधिवेशन के दूसरे दिन मंगलवार को पार्टी के संविधान में संशोधन के साथ उन्हें पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने की घोषणा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने की। शिबू सोरेन अब पार्टी के संस्थापक संरक्षक होंगे। होटवार के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित महाधिवेशन में केंद्रीय समिति के 286 सदस्यों का चयन भी किया गया। इसके अलावा 16 सूत्री राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया।

**गुरुजी ने हेमंत सोरेन के नाम की घोषणा की :** झामुमो नेता नलिन सोरेन ने गुरुजी को संस्थापक संरक्षक बनाये जाने की घोषणा की। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने 38 साल बाद यह पद छोड़ा है। स्वास्थ्य की वजह से उनकी सक्रियता कम हो गयी थी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अब नयी भूमिका में रहेंगे। गुरुजी ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष के तौर पर हेमंत सोरेन के नाम की घोषणा की। उन्होंने हेमंत सोरेन को जोश और जज्बे के साथ काम करने के लिए आशीर्वाद दिया। साथ ही मौजूद लोगों से कहा, इन्हें आशीर्वाद दीजिये।

**दस वर्षों तक हेमंत रहे कार्यकारी अध्यक्ष :** हेमंत सोरेन को वर्ष 2015 के जमशेदपुर महाधिवेशन में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी। इनके नेतृत्व में पार्टी ने दो-दो विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। हेमंत सोरेन ने करीब 10 वर्षों तक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जवाबदेही निभायी। पहले वह कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में संगठनात्मक मामलों में निर्णय ले रहे थे। अब हेमंत सोरेन पार्टी संविधान के अनुसार आधिकारिक रूप से निर्णय ले सकेंगे।

**पार्टी की युवा शक्ति आगे बढ़ेगी :** हेमंत सोरेन ने मंगलवार को ही संकेत दे दिया था कि पार्टी की युवा शक्ति आगे आयेगी। उन्होंने कार्यकारी अध्यक्ष रहते हुए पार्टी को एक नये मुकाम तक पहुंचाया था। हेमंत के नेतृत्व में झामुमो ने 2019 और 2024 के विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप पार्टी ने पहले 30 और फिर 34 सीटें जीतीं। 2024 के चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने 81 में से 56 सीटें हासिल कीं, जो पार्टी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हेमंत ने पार्टी को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सिपाहियों की मेहनत की बदौलत हमने अपने को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बोलने वाले दल को हराया है। राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनने का आशीर्वाद हमें मिला है।



### दो दिनों में लिये गये कई निर्णय

झामुमो के दो दिवसीय अधिवेशन में कई निर्णय लिये गये। शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक नियुक्त किया गया है, जो पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हेमंत सोरेन को झामुमो का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। यह निर्णय पार्टी के लिए एक नये युग की शुरुआत का प्रतीक है। 286 सदस्यों वाली केंद्रीय समिति की घोषणा की गयी है, जो पार्टी के निर्णयों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। झामुमो ने 16 सूत्री राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया। इसमें जातीय जनगणना कराने, ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने, 1932 के आधार वाली स्थानीय नीति को लागू करने, नये वक्फ कानून का विरोध, निजी क्षेत्र की नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण देने समेत अन्य प्रस्ताव हैं। इसके अलावा पार्टी ने आदिवासियों और मूलवासियों को स्थायी पट्टा देने के प्रस्ताव को पारित करने की मांग रखी है। सीएनटी और एसपीटी एक्ट में जोड़-तोड़ पर रोक के लिए कारगर कानून लाने की मांग की गयी है। भू-वापसी आयोग के गठन की मांग है।

### झामुमो पर एक नजर

- झामुमो का 1972 में गठन हुआ।
- विनोद बिहारी महतो पार्टी के पहले अध्यक्ष बने।
- 1973 से 1984 तक विनोद बिहारी महतो अध्यक्ष रहे।
- 1984 में शिबू सोरेन ने निर्मल महतो को अध्यक्ष बनाया।
- 1984 में शिबू सोरेन पार्टी के महासचिव बने।
- 1987 में शिबू सोरेन ने पार्टी की कमान संभाली।
- शिबू करीब 38 वर्षों तक पार्टी के अध्यक्ष रहे।
- 2015 में हेमंत कार्यकारी अध्यक्ष बने।
- 2025 में हेमंत सोरेन को अध्यक्ष बनाया गया।

## अभी तय करनी है लंबी यात्रा: हेमंत

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय अध्यक्ष बनाये जाने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि एक बड़ी तैयारी के साथ यह महाधिवेशन संपन्न हुआ है। शिबू सोरेनजी की लंबी यात्रा के बाद अब और लंबी यात्रा झामुमो तय कैसे करेगी। कैसे आगे बढ़ेगी, कैसे राज्य की जनता के प्रति कर्तव्य का निर्वहन करना है, कई सारी चीजें इस महाधिवेशन में आयी हैं। अब लंबी यात्रा के लिए झामुमो आगे बढ़ेगा।

**झारखंड ही नहीं, पूरा देश गुरुजी को जानता है :** हेमंत सोरेन ने कहा कि शिबू सोरेनजी ने अपने बचपन, जवानी और बुढ़ापा राज्य की जनता-पिछड़ा, दलित और आदिवासी के लिए कुर्बान कर दी। इनके वक्त में सीमित संसाधन में राज्य की जनता के लिए लड़ना, जल, जंगल और जमीन के लिए लड़ना, सामंतवादी विचार वालों से लोहा लेना, साधारण बात नहीं थी। आज सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरा देश इन्हें गुरुजी के नाम से जनता है। हेमंत ने कहा कि इस कारवां को मै लंबे समय के सफर के लिए तैयार कर रहा हूं।



### 'केंद्र सरकार को झुकना पड़ा'

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप दिल्ली के किसान आंदोलन को सुना पढ़ा है। भारत में इतना लंबा संघर्ष नहीं देखा होगा। अंततोगत्वा केंद्र सरकार को झुकना पड़ा। ये किसान गरीब की क्षमता है। आज भी देश में भेदभाव खत्म नहीं हुआ है। आजादी के 75 साल बाद भी गरीब, दलित, किसान, पिछड़ा, आदिवासी के ऊपर शोषण बदस्तूर चल रहा है। ये अत्याचार कौन कर रहा है? ये हम ही लोग के बीच में कुछ ऐसे लोग घुसे हैं, जो सामंती विचार को फैलाने का काम कर रहे हैं।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## हजारीबाग में पेट्रोल पंप के मैनेजर को मारी गोली, मौत

रुपयों से भरा थैला लूट कर भागे बाइक सवार अपराधी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र में रांची-पटना मार्ग पर उच्च विद्यालय सिझुआ के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने पेट्रोल पंप मैनेजर पर गोली मार कर हत्या कर दी। फायरिंग करने के बाद अपराधी मैनेजर के पास रुपयों से भरा थैला लूट कर फरार हो गये। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार दोपहर 12 बजे की है। सल्फर्णी पेट्रोल पंप के मैनेजर शंकर रविदास रुपयों से भरा थैला इचाक मोड़ स्थित एसबीआइ की शाखा में जमा करने जा रहे थे, तभी पंप से आधा किलोमीटर दूर सिझुवा हाइ स्कूल के पास एक बाइक पर दो अपराधी पहुंचे। उन्होंने शंकर रविदास को गोली मार दी और साथ में मौजूद रुपयों से भरा थैला लेकर फरार हो गये। घटना के बाद उन्हें हजारीबाग के आरोग्य अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक दो दिन से बंद था, इसलिए पेट्रोल पंप पर काफी कैश जमा हो गया था। थैले में लगभग 11 लाख रुपये थे, जिसे शंकर रविदास बैंक में जमा करने जा रहे थे। अपराधियों ने उन्हें पीछे से गोली मारी। गोली उनकी पीठ में लगी थी। सूचना मिलने के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, एएसपी अमित कुमार, सदर एसडीपीओ अमित आनंद घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



घटना स्थल पर पुलिस और इनसेट में मृतक शंकर रविदास

## नेशनल हेराल्ड केस: इडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की

सोनिया, राहुल और पित्रोदा पर मनी लांड्रिंग के आरोप, 25 अप्रैल को होगी सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुडे मनी लांड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने इडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है। इस मामले की शिकायत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ की थी।

इडी की चार्जशीट पर कांग्रेस मीडिया सेल के हेड जयराम रमेश ने कहा कि नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना कानून के शासन की आड़ में राज्य प्रायोजित अपराध है। यह बदले की राजनीति और पीएम मोदी की धमकी के अलावा कुछ नहीं है।

बताते चलें कि इस मामले में 12 अप्रैल को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गयी थी। इडी ने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था। शुक्रवार को दिल्ली के हेराल्ड हाउस (बहादुर शाह जफर मार्ग), मुंबई के बांद्रा (इस्ट) और लखनऊ के विशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल की बिल्डिंग पर नोटिस चिपकाये गये थे। इडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया था कि वह हर महीने किराया/लीज राशि प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे।



### सोनिया-राहुल से घंटों हुई थी पूछताछ

जून 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से पांच दिनों में 50 घंटे पूछताछ हुई थी। फिर 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किये गये। इडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी।


NATIONAL HEALTH MISSION
मोतियाबिन्द
मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

मोतियाबिन्द के लक्षण
- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना।
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

मोतियाबिन्द का उपचार
- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

मोतियाबिन्द की रोकथाम
- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है

P.R. 350422 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
104
108

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# अब हेमंत सोरेन चुकायेंगे एक मुट्ठी चावल का कर्ज

## ■ झामुमो का अध्यक्ष पद बनने के बाद बढ़ गयी हैं चुनौतियां

## ■ आसान नहीं है शिबू सोरेन के संघर्ष की विरासत को सहेजना

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 38 साल के बाद अपना नया अध्यक्ष चुना है। पार्टी के 13वें महाधिवेशन के दूसरे दिन 15 अप्रैल को कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को उनके पिता शिबू सोरेन के स्थान पर पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया गया। हेमंत सोरेन के लिए यह जिम्मेदारी उस कांटों भरे ताज के समान है, जिसमें कदम-कदम पर चुनौतियां हैं। इनमें पिता शिबू सोरेन के संघर्ष की विरासत को सहेज कर आगे बढ़ाना और 1973 में शिबू सोरेन द्वारा लिये गये 'एक मुट्ठी चावल के कर्ज' का उतारना शामिल है। हालांकि यह बात भी सही है कि हेमंत सोरेन ने चुनौतियों से कभी मुंह नहीं मोड़ा और हर चुनौती का डट कर मुकाबला किया। राजनीतिक और प्रशासनिक मोर्चों पर हेमंत सोरेन ने कभी खुद को कमजोर नहीं दिखने दिया। इसलिए 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपनी पार्टी के नेतृत्व में पूरे गठबंधन को ऐतिहासिक कामयाबी दिलायी। यह भी सच है कि चुनौतियों से भरे शुरुआती जीवन से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक का हेमंत सोरेन का सफर संघर्षपूर्ण रहा। खनन घोटाले में जेल जाने के बाद भी उनकी छवि और मजबूत हुई। करीब 50 वर्षीय हेमंत सोरेन ने दृढ़ संकल्प, राजनीतिक कौशल और लचीलेपन के साथ झामुमो को एक नये मुकाम तक पहुंचाने में सफलता हासिल की। रणनीतिक कौशल और राजनीति में साम-दंड-भेद नीति से हेमंत सोरेन ने स्टीफन मरांडी, साइमन मरांडी, हेमलाल मुर्मू और चंपाई सोरेन जैसे वरिष्ठ नेताओं के आतंरिक प्रतिरोध के बावजूद खुद को शिबू सोरेन के उत्तराधिकारी के रूप में स्थापित करने में सफलता हासिल की और आखिरकार पार्टी में सर्वमान्य चेहरा बनकर उभरे। देश के सियासी फलक पर सबसे मजबूत क्षेत्रीय दलों में से एक की बागडोर संभालने के बाद हेमंत सोरेन की जिम्मेदारियां और चुनौतियां कई गुना बढ़ गयी हैं। अब देखना है कि वह इन चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। क्या हैं हेमंत सोरेन की चुनौतियां और कैसा होगा झामुमो का आगे का सफर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**





राकेश सिंह





झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष रहते हुए वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को दोबरा सत्ता में लाने वाले हेमंत सोरेन के हाथों में अब संगठन की पूरी बागडोर होगी। करीब 50वर्षीय हेमंत सोरेन ने दृढ़ संकल्प, राजनीतिक कौशल और लचीलेपन के साथ जेएमएम को एक नए मुकाम तक पहुंचाने में सफलता हासिल की। रणनीतिक कौशल और राजनीति में साम-दंड-भेद नीति से हेमंत सोरेन ने स्टीफन मरांडी, साइमन मरांडी, हेमलाल मुर्मू और चंपाई सोरेन जैसे वरिष्ठ नेताओं के आतंरिक प्रतिरोध के बावजूद खुद को उत्तराधिकारी के रूप में स्थापित करने में सफलता हासिल की। आखिरकार, हेमंत सोरेन अब पार्टी में सर्वमान्य चेहरा बनकर उभरे।

### शिबू सोरेन और झारखंड का आंदोलन

आजादी के बाद से ही देश के पूर्वी हिस्से का एक भूभाग, जिसे बिहार में जबरन शामिल कर दिया गया था, अपनी अलग पहचान के लिए संघर्ष कर रहा था। आदिवासी बहुल इस भूभाग को झारखंड के नाम से जाना जाता था। जयपाल सिंह की अगुवाई वाली झारखंड पार्टी शुरू से ही अलग राज्य के लिए संघर्षरत थी। हालांकि पार्टी में आपसी कलह की वजह से 1967 में इसके कई फाड़ हो गये। इसके बाद एक पार्टी बनी बिहार प्रांत हुल झारखंड, जिसके नेता थे शिबू सोरेन। महाजनी प्रथा और आदिवासी समाज की कुप्रथाओं के खिलाफ जन आंदोलन करनेवाले शिबू सोरेन को यह पता था कि इस दल से उनकी राजनीति नहीं हो सकेगी। विनोद बिहारी महतो ने शिबू सोरेन और एके राय के साथ एक नये दल का गठन किया, जिसका नाम रखा गया झारखंड मुक्ति मोर्चा। वर्तमान परिदृश्य में यह कहना कहीं से भी गलत नहीं होगा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा देश की सबसे मजबूत क्षेत्रीय दलों में शामिल है और 15 अप्रैल 2025 को इस पार्टी ने अपने गौरवशाली इतिहास में एक नया अध्याय शुरू किया, जिसके नायक बने हेमंत सोरेन। पार्टी ने अपने 13वें महाधिवेशन के अंतिम दिन संविधान में संशोधन कर हेमंत सोरेन को अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### पहला महाधिवेशन करने में पार्टी को लगे 10 साल

आंदोलन के लिए हर घर से एक मुट्ठी चावल मांगने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा को लोगों ने जब चवन्नी और अठन्नी भी दी, तो पार्टी नेतृत्व में यह उम्मीद जगी कि उसे पसंद किया जा रहा है। 1973 में बने झारखंड मुक्ति मोर्चा को अपना पहला महाधिवेशन करने में 10 साल लग गये। 1984 में निर्मल महतो ने पार्टी का अध्यक्ष पद संभाला। यही समय था, जब झामुमो तेजी से मजबूत हुआ। निर्मल महतो की हत्या के बाद पार्टी की कमान शिबू सोरेन ने संभाली और राज्य में पार्टी को बड़ी पहचान दिलाने में लग गये। साल 1990 में पार्टी ने मात्र 10 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की, मगर उसके बाद से हर चुनाव में दल को आसमान ही दिखा। राज्य गठन के वक्त पार्टी के 12 विधायक थे। साल 2005 में 17, साल 2009 में 18, साल 2014 में 19, साल 2019 में 30 और 2024 में 34 विधायक चुने गये। 38 साल तक पार्टी के अध्यक्ष पद की लंबी पारी के दौरान ही मजदूरों और झारखंडियों की राजनीति करने वाले शिबू सोरेन कब दिशोम गुरु बन गये, पता ही नहीं चला।

### पार्टी की उम्मीद पर खरे उतरे हेमंत सोरेन

हालांकि, बढ़ती उम्र ने अब शिबू सोरेन को शारीरिक रूप से कमजोर कर दिया है और इधर झामुमो समर्थकों के दिल में अब एक नया चेहरा राज कर रहा है। उस चेहरे का नाम है हेमंत सोरेन।

झारखंड के मुख्यमंत्री और शिबू सोरेन के बेटे हेमंत सोरेन अब पार्टी के मुखिया के तौर पर सामने आ चुके है। चाहे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को जोड़कर रखने की बात हो या आम जन के बीच अपनी बात पहुंचाने की, हेमंत सोरेन हर जगह बड़ी ही मजबूती से अपना कदम जमा चुके हैं। साल 2015 में शिबू सोरेन और झामुमो ने जिस उम्मीद से कार्यकारी अध्यक्ष का पद बनाया और जिम्मेदारी हेमंत सोरेन को दी, वह उस पर पूरी तरह से खरे उतरे।

हेमंत सोरेन अब झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व करेंगे और भविष्य में भी शायद उनकी जगह लेना मुश्किल होगा।

### हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से और मजबूत हुआ दल

2024 के विधानसभा चुनाव से पहले हुई गिरफ्तारी के बाद जब हेमंत सोरेन वापस आये, तो अटकलें थीं कि अब वह कमजोर हो जायेंगे, मगर हुआ ठीक इसके उल्टा।

हेमंत सोरेन भी मजबूत हुए और पार्टी भी। आत्मविश्वास इतना कि हेमंत सोरेन ने हाल ही में यह कहा कि अगर मैं 2024 लोकसभा चुनाव के वक्त बाहर होता, तो भाजपा एक भी सीट नहीं जीत पाती। हालांकि, उस दौर में भी ऐसा नया चेहरा निकला और निखरा। ऐसा चेहरा, जिसके झारखंड की वर्तमान राजनीति में अहम भूमिका होने के कयास भी लगाये जाते हैं।

उनका नाम है कल्पना सोरेन। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद जब राज्य की राजनीति में झामुमो के भविष्य पर कई सवाल थे, तब हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने बागडोर संभाली।

प्रदर्शन इतना शानदार रहा कि अगले ही चुनाव में पार्टी ने उन्हें अपना स्टार प्रचारक बनाया। कयास तो यह भी लग रहे थे कि 2024 के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद पार्टी सरकार में उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है।

हालांकि, ऐसा हुआ नहीं, मगर कल्पना सोरेन ने काफी कम समय में पार्टी में अपना कद बहुत बड़ा कर लिया है।

### दिशोम गुरु ने हेमंत सोरेन के लिए मांगा आशीर्वाद

शिबू सोरेन ने अपने संघर्ष से पार्टी को देश के मजबूत क्षेत्रीय दलों में शामिल करवाया, तो वहीं हेमंत सोरेन ने इसे झारखंड की सबसे बड़ी पार्टी बनायी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने 13वें महाधिवेशन में अपना केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन को चुना है। शिबू सोरेन ने उनके नाम की घोषणा की। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने संस्थापक संरक्षक का पद संभाला। पद संभालते ही शिबू सोरेन ने अपने बेटे और पार्टी के नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के लिए राज्य की जनता से आशीर्वाद मांगा है, तो लोगों को भी उम्मीद है कि हेमंत सोरेन भी शिबू सोरेन की तरह ही पार्टी को अलग ऊंचाइयों तक पहुंचायेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.8 °c | 17.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.10 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.28 बजे | |



## जेएमएम का 13वां महाधिवेशन : अंतिम दिन उत्साह से लबरेज रहे नेता और कार्यकर्ता

# जो जिम्मेदारी मिली है उसे कड़ी मेहनत कर पूरा करूंगा: हेमंत

















आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय अध्यक्ष बनाये जाने के बाद मंगलवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि नयी ऊर्जा के साथ पार्टी चलेगी और राज्य का सर्वांगीण विकास किया जायेगा। साथ ही ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़ा जाये, इस पर भी काम किया जा रहा है। महिलाओं को जिला अध्यक्ष के साथ तमाम पदों पर बैठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब मैं कार्यकारी अध्यक्ष था तब गलती करने का मौका था लेकिन अब गलती करने की भी गुंजाइश नहीं है। पार्टी के अंदर अनुशासन सबसे मुख्य बिंदु है। संगठन को पूरे देश के अंदर बढ़ाने की तैयारी है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित होना होगा तभी सफर को मंजिल तक पहुंचाया जा सकेगा। वहीं उन्होंने कहा कि बाबा दिशोम गुरुजी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, पार्टी के लाखों साथियों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसे दिन-रात कड़ी मेहनत कर पूरा करने का काम करूंगा। आप सभी का यही साथ ही मेरी ताकत है। बाबा के मार्गदर्शन में वीर पुरुखों के सपनों को साकार करने के लिए मैं दोगुनी ताकत के साथ राज्यवासियों की सेवा के लिए आगे बढ़ूंगा। आप सभी के अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद, आभार। उन्होंने इन बातों को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है।

# ड्रग्स के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर रखें कड़ी नजर : मुख्य सचिव

## नशे के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की पांचवीं राज्यस्तरीय समिति की बैठक हुई।

बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, समाज कल्याण सचिव मनोज कुमार, उत्पाद सचिव अमिताभ कौशल, स्कूली शिक्षा सचिव उमाकांत सिंह सहित अन्य विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद थे। वहीं संबंधित जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक वर्चुवल माध्यम से जुड़े थे।

बैठक में मुख्य सचिव ने ड्रग्स के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर कड़ी नजर रखने का निर्देश उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को दिया है। साथ ही नशे के अवैध कारोबार से जुड़े तत्वों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई करने को कहा। दवा की दुकानों से नशीली दवाईयां और सीरप की बिक्री से जुड़े मसले पर उन्होंने चिंता जताते हुए इसके नेटवर्क को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया।



### नशे के अवैध धंधे पर नकेल कसने वाले किये जा रहे प्रशिक्षित

नशे के अवैध धंधे पर नकेल कसने के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों के लोगों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। राज्य के पुलिस पदाधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट के महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। साथ ही अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार, रांची में भी प्रशिक्षण लगातार जारी है। इसमें वन विभाग के कर्मियों को भी जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### जब्त मादक पदार्थों का निपटारा सुनिश्चित करें

बैठक में जब्त मादक पदार्थों के निपटाव सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। कतिपय जिला द्वारा इस कार्य में पीछे रहने की बात को गंभीरता से लेते हुए तय समयसीमा में उसके निपटाव का निर्देश दिया गया।

### छहगुना अधिक पोस्ते की फसल की गयी नष्ट

बैठक में बताया गया कि 2024-25 में लगातार अभियान चलाकर पोस्ते की खेती के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। उसका परिणाम यह है कि 2023-24 में जहां 4860 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गयी थी, वहीं 2024-25 में 27015 एकड़ में लगी फसल का विनष्टीकरण किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में छह गुना है।

वहीं जब्त मादक पदार्थों को सुरक्षित रखने के लिए यथाशीघ्र जिलों में मालखाना निर्माण पर भी बल दिया गया।

### मानस पोर्टल पर दें सूचना, पायें इनाम

अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर नियंत्रण के लिए जहां जन जागरूकता पर फोकस किया जा रहा है, वहीं इससे जुड़ी सूचना देने के लिए आम लोगों को भी जोड़ने पर बल दिया गया है। इसके लिए जुलाई 2024 में मानस पोर्टल लांच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, वितरण और उपभोग की सूचना दे सकता है। सूचनादाता की पहचान पूर्णतः गुप्त रहती है।

वहीं सत्यापन के बाद सूचना सच होती है, तो सूचनादाता को इनाम की राशि भी मिलती है। एनसीबी द्वारा बताया गया कि पूरे देश में अब तक इस पोर्टल के माध्यम से 60 हजार सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। रांची में 70 सूचनाएं इस पोर्टल के माध्यम से मिली हैं।

### मादक पदार्थों की जांच के लिए खरीदें किट

बैठक के दौरान ही संबंधित जिले के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को मादक पदार्थों की जांच में काम आनेवाली किट की खरीदारी 15 दिन के भीतर करने का निर्देश दिया गया।

## राजभवन में हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# पर्यटकों के लिए अनुपम स्थल है हिमाचल प्रदेश : राज्यपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में मंगलवार को रांची स्थित राजभवन में हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड में निवासरत हिमाचल प्रदेश के नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने सभी को हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल न केवल अपनी नैसर्गिक सुंदरता और आध्यात्मिक विरासत के लिए जाना जाता है, बल्कि यह राज्य वीरता, सेवा और राष्ट्रनिष्ठा की भावना से भी ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि ऐसी भूमि है जहां की सरल, कर्मठ और राष्ट्रनिष्ठ जनता ने भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अनुकरणीय भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, हरित ऊर्जा और जैविक खेती जैसे क्षेत्रों में हिमाचल ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। पर्यटन की दृष्टि से भी हिमाचल प्रदेश अब वैश्विक मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य और जैविक कृषि केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सतत प्रयास किये जा रहे हैं, जो सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन आपसी समरसता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता की भावना को और सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने कहा कि राज भवन की ओर से एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत विभिन्न राज्यों का स्थापना दिवस मनाया जाता है, जिससे राष्ट्रीय एकता, सौहार्द्र और साझा सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बताते हुए उसे पर्यटकों के लिए एक अनुपम स्थल कहा।

## वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के चतरा-डोभी मुख्य पथ पर नावाडीह चेकनाका के समीप वाहन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक बिहार के गया जिला के बांके बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हरजकेल गांव निवासी रामसेवक दास का पुत्र राहुल कुमार है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राहुल अपने बाइक से हंटरगंज की ओर आ रहा था। इसी दौरान हंटरगंज की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।चिकित्सकों ने बताया कि इस घटना में राहुल का दाहिना पैर टूट गया है एवं सिर में गंभीर चोट लगी है। दुर्घटना के बाद स्कार्पियो चालक भागने में सफल रहा। वहीं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से बेलगाम रफ्तार में सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की गति सीमा पर अंकुश लगाने को लेकर जिला प्रशासन से मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर इन बेलगाम वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाले दिनों मे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ सकती है।

## जयनगर में शिक्षक मथुरा राम का निधन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम सांथ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक मथुरा राम 83 वर्ष का निधन मंगलवार की सुबह हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। सेवानिवृत शिक्षक पूरे क्षेत्र में गुरु जी के नाम से जाने जाते थे। वे वर्ष 2002 में डोमचांच प्रखंड के मध्य विद्यालय खरखार नवलशाही से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने शिक्षक के साथ-साथ अपने समाज और गांव में जाने वाले समाजसेवी में थे। अपने पीछे तीन पुत्र सहित कई परिवार छोड़ कर चले गये। उनके निधन पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों और समाजसेवियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वाले में पूर्व मुखिया बैजनाथ रजक, सरजू राम, प्रमेशवर राम, खगेंद्र राम, राम प्रसाद धोबी, लोकनाथ राम, चेतलाल राम, सुभाष राणा, शिव शंकर राणा, सुधीर कुमार, सुखदेव राम,धनेश्वर राम, रामदेव राम, मधुसूदन राम, विनोद आनंद, महेश रजक सहित दर्जनों लोग का नाम शामिल है।

## स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न, प्रखंड कमेटी की गठन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को झारखंड चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ जिला इकाई के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार तिवारी, विपुल कुमार, कुमार गौरव, पवन कुमार, सुनील कुमार और इंद्रदेव यादव उपस्थित थे। सम्मेलन की अध्यक्षता शैलेन्द्र तिवारी और संचालन इंद्रदेव यादव ने किया। सम्मेलन के दौरान नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए पंकज कुमार शांडिल्य, मनोज राम सचिव, पंकज कुमार कोषाध्यक्ष, विश्व दीपक सन्याल उपाध्याक्ष, जयंती टोप्पो संयुक्त सचिव, विनय कुमार, संगठन मंत्री, रजनी डूंगडूग कार्यालय मंत्री, राजीव रंजन उप कोषाध्यक्ष, मिडिया प्रभारी विपुल कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के लिए अनुज कुमार, पवन कुमार, रीता कुमारी, बेबी कुमारी, आराधना कुमारी, सिंधु कुमारी, अनुराधा कुमारी, रंजीत कुमार, रंजन कुमार, दिनेश सिंह, रतन प्रसाद सिंह भी सर्वसम्मति से चुना गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों को किसी भी प्रकार की अगर कोई समस्या होती है तो त्वरित कार्रवाई की जायेगी। नये प्रखंड अध्यक्ष के रूप में चयनित कर्मी पंकज कुमार शांडिल्य ने कहा कि एकता में ही बल होता है, अगर हम सभी कर्मी एकजुट रहेंगे तो निश्चित तौर पर सभी समस्याओं का निदान आसानी से हो जायेगा। मौके पर दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक झारखंड रांची के प्राप्त मार्गदर्शन पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार कोडरमा जिला के नागरिकों के शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण किये जाने के उद्देश्य से पुलिस एवं नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु 16 मार्च को प्रातः 11 बजे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत जनता के शिकायतों का अनुश्रवण किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन पूर्वी जयनगर, बिरसा सांस्कृति भवन कोडरमा, पंचायत भवन शिवपुर सतगावां में किया जायेगा।

## बाबा साहब की जीवनी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** चंदौल में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। तथा रात्रि में रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अशेश्वर राम की अध्यक्षता में डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 9:00 बजे से लेकर अहले सुबह 3:00 तक किया गया। जिसमें लोगों ने रात भर खूब आनंद उठाया। मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी के हाथों फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता तभी सभी समाज का समूल विकास होगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से साड़ पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र महतो, भीखन महतो, सनीत महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, नंदकिशोर राम, अवधेश सिंह, पूर्व मुखिया टुकनी देवी, रविदास महासभा प्रखंड अध्यक्ष अशेश्वर राम, अध्यक्ष नागेश्वर राम, सचिव श्यामदेव राम, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार दास, विनोद यादव, शमशेर अंसारी, अनुज कुमार, अनिल राम, रघुबीर राम, देशराज, नागेन्द्र राम, रघुनाथ राम, अजय कुमार दास, श्याम कुमार दास, जितेंद्र कुमार दास, रामविलास राम, दिनेश राम सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### बरकट्ठा में दो समुदाय के बीच हिंसक झड़प का मामला

# दो आरोपी गिरफ्तार, छापामारी जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तरबेचवा में दो गुटों के बीच हुई झड़प मामले में दो लोग को गिरफ्तार किया गया है। बरकट्ठा पुलिस ने थाना कांड संख्या 41/25 के तहत दर्ज मामले में नामजद आरोपी ग्राम तरबेचवा निवासी सत्तार अंसारी पिता सोबराती मियां और अरुण मेहता पिता स्व रामकृष्ण मेहता को गिरफ्तार किया। इस बाबत थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने बताया की दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि अन्य आरोपियों की धर पकड़ के लिए छापामारी किया जा रहा है। मालूम हो कि झड़प के मामले में मुस्लिम समुदाय के 23 लोग को नामजद और 150 से 200 अज्ञात तथा हिन्दू समुदाय के 21 लोग नामजद और 150 से 200 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

बता दें की रविवार को शोभा यात्रा के दौरान पत्थरबाजी और आगजनी की घटना हुई थी। नगर भ्रमण करने के दौरान ही लोगों के ऊपर पथर बाजी की घटना हुई थी। दूसरे समुदाय के लोग ने पत्थर बजी किया था। घटना के बाद लोगों ने जीटी रोड को जाम कर दिया था। कई महिलाओं को चोट भी लगी थी। उपद्रवियों ने घर पर रखे पुआल, मोटरसाइकिल और घर में आग लगा दी है। दो दमकल कि गाड़ी ने आग पर काबू पाया था। घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश भी देखने को मिल रहा था। स्थिति को देखते हुए पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। घटना के बाद यज्ञ कार्यक्रम में किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया गया है। रात भर पंडाल में लोगों का आने जाने का सिलसिला जारी था। सुबह भी तय कार्यक्रम के अनुसार पुजा शुरू किया गया। इस पूरे घटना पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि दो समुदाय के बीच में पथराव और अगजनी की घटना घटी है।

# एटीएम और बीटीएम के सफल अभ्यर्थियों ने दिया धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोडरमा।** कृषि विभाग के द्वारा बीटीएम और एटीएम की बहाली को लेकर आयोजित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के द्वारा मंगलवार से समाहरणालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना की शुरुआत की गयी है। अभ्यर्थियों ने बताया कि बीटीएम और एटीएम की नियुक्ति को लेकर विभाग के द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया था। जिसके आधार पर अभ्यर्थियों ने चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया और सफल हुए। इसके बाद उन्हें 8 जनवरी को पेपर के माध्यम से सूचना दिया गया कि सफल अभ्यर्थियों को एक अप्रैल को स्वीकृति प्रदान की जायेगी। लेकिन 29 मार्च को विभाग के द्वारा यह बताते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया कि इस नियुक्ति में इंटरव्यू नहीं लेना था। लेकिन गलती से विभाग के द्वारा इंटरव्यू आयोजित किया गया। जिसकी वजह से पूरे चयन प्रक्रिया को रद्द किया जा रहा है। अभ्यर्थियों ने बताया कि नियुक्ति पत्र की उम्मीद में उन्होंने पुराने संस्थानों में भी अपना काम छोड़ दिया और अब उनके सामने भुखमरी और घर चलाने में परेशानी की नौबत खड़ी हो गयी है। धरना पर बैठे अभ्यर्थियों के द्वारा उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारी को भी मांग पत्र की प्रतिलिपि भेजी गयी है।

## पोक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने मंगलवार को पोक्सो एक्ट के आरोपी मनीष प्रेमी यादव को गिरफ्तार कर लिया। वह झांझीडीह गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे कोडरमा से पकड़ा। थानाध्यक्ष सौरभ शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गयी। मनीष पर गांव की ही एक नाबालिग युवती से प्रेम विवाह करने का आरोप है। प्रेमिका के आवेदन पर सतगावां थाना में कांड संख्या 05/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। घटना के बाद से मनीष फरार था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेज दिया गया।**

# पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी ने कहा-नींद में लगा कि बगल में सांप है, टांगी से मार दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत ढोढाकोला के अंबातरी (नलवा) में रविवार देर रात पति साड़ मुंडा (55) ने घरेलू विवाद में पत्नी की टांगी मारकर हत्या कर दी। पुलिस आरोपी पति साड़ को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार पति-पत्नी घर में सोए हुए थे। इसी दौरान रात में पति ने बगल में रखी टांगी से पत्नी के सिर पर वार कर दिया। वहीं, उसकी मौत हो गयी। इसके बाद सुबह मृतक के बेटे ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी साड़ पैर से विकलांग है। उसने पुलिस को पूछताछ को बताया कि रात में दोनों सोए थे। इस दौरान सपने में लगा कि बगल में सांप है। उसे मारने के लिए टांगी चला दी। पता नहीं चला कि जिसे मार रहा हूं, वो मेरी पत्नी है। हालांकि ग्रामीणों ने कहा कि सांड का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

# अंबेडकर जयंती पर बाबा साहब के विचारों और आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोडरमा।** कोडरमा प्रखण्ड लोकाई पंचायत के अंतर्गत बदडीहा के भीम मुहल्ला में अंबेडकर युवा समिति के द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों को भारतीय संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर संविधान निर्माता डॉक्टर अंबेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जहां बाबा साहब के विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन लेखराज दास ने किया।

जयंती समारोह में जगदीश राम, मुरली राम, प्रदीप दास, राजकुमार दास, राधे दास, जीतू दास, मुंशी दास, जितेंद्र दास, दिनेश दास, रवि, शशि, बिरजू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी।

## भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनी

**डोमचांच(आजाद सिपाही)। प्रखंड के मधुवन पंचायत के सिमरिया में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूम धाम से मनायी गयी। इस मौके पर मौजूद लोगों ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्य क्रम की अध्यक्षता संतोष दास ने किया। इस मौके पर संतोष कुमार दास ने कहा कि समाज में समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय की भावना फैलाने के लिए अंबेडकर के विचारों को अपनाना जरूरी है। उन्होंने बच्चों को अंबेडकर के संघर्ष और उपलब्धियों से प्रेरणा लेने की सलाह दी। इस मौके पर पिंकू दास, साजन दास, उमेश दास, अन्वी कुमारी, रेखा देवी, अभि कुमार, परी कुमारी आदि मौजूद थे।**

# वार्षिक परीक्षा में स्कूल और क्लास टॉपर छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**97% लाकर खुशी कुमारी बनी स्कूल टॉपर, द्वितीय टॉपर 96% नवीन कुमार और तृतीय समृद्धि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा 2024-25 में क्लास टॉपर और स्कूल टॉपर लाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल परिवार के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार और संचालन उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने किया। जिसमें कक्षा 5 में पढ़ने वाली दीपक कुमार विश्वकर्मा की पुत्री खुशी कुमारी 97%, 684 अंक लाकर विद्यालय का प्रथम टॉपर बनी वही दूसरे स्थान पर 96% अंक प्राप्त कर कक्षा 9 से किसान नरेश महतो के पुत्र नवीन कुमार और तीसरे स्थान पर शिक्षक सुकेश कुमार के पुत्री कक्षा 8 की समृद्धि कुमारी ने 94.86% लाकर अपने विद्यालय और अपने घर परिवार वालों का नाम रोशन किया है। इसके अलावा सभी कक्षा के प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर विद्यालय के उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा दिनकर ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों और शिक्षकों का कठिन परिश्रम का परिणाम है जो सभी बच्चे इतना बेहतर अंक प्राप्त किए हैं। बेहतर परिणाम लाने के लिए छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों और उनके माता-पिता को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। क्योंकि उनके परिश्रम से ही आज बच्चों ने बेहतर अंक प्राप्त किया है। प्राचार्या कैलाश कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय के शिक्षक पूरा मेहनत करके बच्चों को पढ़ाते हैं उसी का परिणाम है कि आज बेहतर रिजल्ट हुआ है। उपप्रचार्य पूनम कुमारी ने कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ कराटे, डांस सहित अन्य प्रकार के एक्टिविटी सिखाया जा रहा है। विद्यालय में नामांकन शुरू है जिन बच्चों को अपना नामांकन करवाना है। वह जल्द से जल्द नामांकन करा ले। मौके पर पंसस राजा खान विद्यालय के शिक्षक चेयरमैन रंजीत कुमार, प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, महेंद्र कुमार, दिलेश्वर दास, मुकेश दास, आनन्द कुमार ऋषभ अग्रवाल, सुमित कुमार, राजेश कुमार रवि, एरिका टोप्पो, मनीषा कुमारी, अनु कुमारी, देवंती कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, अंजली मिश्रा, अंजनी कुमारी, विकास ठाकुर, सुभाष कुमार, ओम कुमार, कृष्ण कुमार, अफसाना परवीन, गंगा भारती, सावित्री टुडू, दुर्गा देवी, अंजू देवी, सहित अभिभावकों और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** 135वें अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ में छात्राओं के बीच चित्रांकन और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए वार्डेन ज्योति वर्मा ने बताया कि दोनों प्रतियोगिता में आठवीं, नवमी और बारहवीं कक्षा के दर्जनों छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रतिभागियों ने बाबा साहब की जीवनी पर आधारित चित्रांकन या निबंध लिखने का काम किया। निबंध प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा की सोनी मरांडी प्रथम, लक्ष्मी कुमारी-1 द्वितीय और लक्ष्मी कुमारी-2 तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रांकन में नवमी कक्षा की रेखा कुमारी प्रथम, दशमी की बुशरा खातून द्वितीय और 12वीं की खुशबू कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को कार्यक्रम के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। तीन दिवसीय जयंती समारोह का समापन सह पुरस्कार वितरण बुधवार को होगा। जिसे सफल बनाने के लिए तैयारियां जारी हैं। समापन समारोह पूर्वाहन 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भीं प्रस्तुत किये जायेंगे।

## केरेडारी में ब्राह्मण महा सम्मेलन 29 को

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** ब्राह्मण समाज द्वारा 29 अप्रैल को सूबे के हजारीबाग जिले के बहुचर्चित सिद्ध पीठ मां अष्टभुजी धाम मातास्थान कंडाबेर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आयोजक मंडली के दिवाकर पाठक ने कहा कि भव्यता और दिव्यता के इस अनोखे संगम तट पर सफल पुण्य तिथि में ब्राह्मण समाज अपने आराध्य की आराधना करेगा। आयोजन के इस अवसर पर समाज के सर्वांगीण मुद्दों पर होगी विशेष चर्चा की जायेगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने आराध्य का आशीर्वाद ग्रहण करउनके पद चिन्हों पर चलना है। जिस प्रकार भगवान परशु राम ने असत्य पर सत्य की स्थापना की आज हम सभी को उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। तभी सामाजिक सशक्तिकरण की भूमिका फलीभूत हो सकेगी। सनातन का सिरमौर कहलाने वाले समाज की आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक मूल्यों पर विशेष बल देने की आवश्यकता है तभी सामाजिक जीवन की राह सुगम हो सकेगी। जब तक सामाजिक हितों की रक्षा नहीं होगीतब तक इनकी दशा और दिशा को सुदृढ़ करना बेमानी होगी। आज देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां केवल इन्हें अपना वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती हैं, पर सही मायने में देखा जाय तो इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऊपर से आरक्षण के अंधकार में ये अपना जीवन जिनें को मजबूर हैं इसलिए एकता का सूत्र शिरोधार्य कर, समाज का नेतृत्व करें, तभी जीवन ज्योति का अमर प्रताप पूंज प्रवाहित होता रहेगो ब्राह्मणों को अपने अस्तित्व का ख्याल रखते हुए, अपने आन, बान और शान की रक्षा स्वयं करनी होगी। जिससे नैतिक मूल्यों को जिंदा रखा जा सके। यह हमेशा याद रखें की आप केवल अपने वर्ग का नेतृत्व नहीं कर रहे, बल्कि संपूर्ण समाज के कल्याण की जिम्मेवारी आपके कंधो पर है।

## बड़कागांव में बाइक की हुई चोरी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित मिर्जापुर गांव निवासी राम कुमार प्रसाद की मोटरसाइकिल चोरी हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राम कुमार मंगलवार की सुबह लगभग 10:35 बजे हजारीबाग से मिर्जापुर लौट रहे थे। इसी दौरान टॉवर के पास शौच हेतु रुकने पर उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या: JH02AK 0443)सड़क किनारे खड़ी कर दी। तभी एक अन्य मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे, जिनमें से एक युवक राम कुमार की बाइक स्टार्ट कर तेजी से फरार हो गया। पीड़ित द्वारा शोर मचाने के बावजूद चोर भागने में सफल रहा। राम कुमार ने तत्काल गश्ती पुलिस को सूचना दी, परंतु तलाशी के बाद भी चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। बाद में राम कुमार ने बड़कागांव थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि चोरी हुई मोटरसाइकिल को जल्द से जल्द बरामद किया जाये और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये।

## 17 अप्रैल से शुरू होगी पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत छोटा डहरभंगा के शिव मंदिर में मंगलवार को खंडित मूर्ति को पूजा-अर्चना कर अप्रतिष्ठित किया गया। अप्रतिष्ठित होने के बाद ग्रामीणों ने खंडित मूर्ति को बौधा डैम में प्रवाहित कर दिया। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि छोटा डहरभंगा में आयोजित श्री श्री 1008 श्री पंच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। पांच दिवसीय यज्ञ की शुरुआत 17 अप्रैल से कलश जलयात्रा के साथ शुरू होगी। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में नर-नारी, युवक-युवती, बच्चे-बूढ़े और नौजवान उत्साह के साथ शामिल होंगे। वहीं कलश यात्रा के बाद पंचांग पूजन, और मंडप प्रवेश, 18 अप्रैल को, अणीर्मंथन अग्नि प्रकट, 19 अप्रैल को मंडप वेदी पुजन हवन अन्नाधिवास, 20 अप्रैल को घृत, पुष्प, मिष्ठान, फलाधिवास, नगर भ्रमण, सैयाधिवास, 21 अप्रैल को महास्नान, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा हवन यज्ञ की पुणार्हुति कन्या पुजन, यज्ञ समापन आरती, भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। यज्ञ को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष सुखदेव ठाकुर, सचिव जगदीश यादव, सुनिल साव, बबलु यादव, रविन्द्र यादव, पंकज पांडेय, कन्हाय राम, अरूण रजक, जीवलाल साव, गोपाल, सुनील यादव, संजय साव, पिंटू साव, प्रमोद, तुलेश्वर, प्रकाश, रविंद्र, अजीत, महेश, मुकेश, राजेंद्र, तुलसी साव, चांदो साव, बिंदेश्वर, बृजमोहन आदि सदस्य सक्रिय हैं।

## गणपति इलेक्ट्रॉनिक की शाखा का उद्घाटन



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत स्थित 11 नंबर चौकी के समीप गणपति इलेक्ट्रॉनिक की दूसरी शाखा का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। शाखा का उद्घाटन उमेशचंद्र वर्णवाल और सुजीत कुमार मेहता ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस शाखा के प्रोपराइटर प्रेमांशु कुमार ने बताया कि हमारे शाखा में रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, कूलर, पंखा, आयरन, सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री उचित दामों में उपलब्ध है। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे यहां फाइनेंस, लोन आदि की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर बीपीएस कॉलेज के सचिव हिमांशु कुमार, सुधांशु कुमार, राम विलास यादव, पवन गोस्वामी, जीतेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, अमरजीत कुमार, गौतम पांडेय, मुकेश पांडेय, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

## अमन साहू गिरोह का एक अपराधी गिरफ्तार

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरियातू में भारत माला परियोजना से हो रहे सड़क निर्माण कार्य में रंगदारी मांगने के इरादे से गोली चलाये जाने के मामले का पुलिस ने उद्भेन कर लिया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि दिनांक 28/12/2024 को संध्या सात बजकर 50 मिनट के करीब दो बाइक में सवार होकर आए नकाबपोश अपराधियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों में दहशत फैलने के नियत से पांच राउंड फायरिंग किया गया था। जिससे एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही अपराधियों ने रंगदारी मिलने तक काम बंद करने की धमकी दी थी। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। इस संबंध में पीआरए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संपर्क अधिकारी अमरेश कुमार के द्वारा गोला थाना कांड संख्या 132/24 के तहत धारा 109,308(4)3(भारतीय न्याय संघिता 2023 और 25 (1ए)27 आर्म्स एक्ट दर्ज कराया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार टीम गठन कर मामले का उद्भेदन करते हुए मामले अप्राथमिकी अभियुक्त आशीष कुमार उर्फ पकोड़ी पिता अर्जुन साहू बेलगड्डा थाना सिमरिया जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने घटना में अपनी संलिप्तता बताते हुए कहा कि अमन साहू के द्वारा रंगदारी और लेवी वसूली करने के नियत से अपने गुर्गे के द्वारा फायरिंग कराये जाने की बात बतायी है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास पुलिस ने एक फर्जी आधार कार्ड, एक मोबाइल, एक ट्रॉली बैग बरामद किया है। छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार, कुमार प्रभात रंजन सहित सशत्र बल शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद से राहत की सांस ली पुलिस गोलीकांड का उद्भेदन होने के बाद जहा पुलिस ने राहत की सांस ली है। वही सड़क निर्माण कंपनी के लोग भी अब चिंतामुक्त दिख रहे हैं। बताया जाता हैं कि सड़क निर्माण कार्य में दोनों साइट में अपराधियों ने लेवी के लिए फायरिंग की थी। जिसमें पहली घटना गोला पेटरवार रोड में हुई थी। जिसमें लेवी वसूली करने आए अपराधियों द्वारा गोली चलाया गया था। जिसमें एक गोली अपराधियों द्वारा चलाये गये गोली दूसरे अपराधी को लग गया था। जिससे मौके से ही एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी पूर्व में ही हो चुकी थी। वहीं बरियातू घटना के उद्भेदन होने के बाद से लोग भी राहत की सांस ले रहे हैं।

## बिटिया की शादी के लिए इनरव्हील क्लब ने बढ़ाया हाथ, की मदद



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** इनरव्हील क्लब ने एक जरूरतमंद बिटिया की शादी के लिए हाथ बढ़ाया है। मंगलवार को क्लब की सदस्य अनुराधा श्राफ के आवास में एक कार्यक्रम का आयोजन कर बिटिया की शादी के लिए जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया। इस दौरान बिटिया और उनके परिजनों को अलमारी, कपड़े, कॉस्मेटिक आइटम्स और नकद देकर आर्थिक रूप से मदद किया। मौके पर क्लब की सचिव नवलजीत कौर ने कहा कि क्लब के द्वारा जरूरतमंदों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी। इस अवसर पर नमिता श्राफ, स्वीटी सोनी, राजेंद्र कौर, जनेशा बडेरा, उर्मिला बगड़िया, मीरा बगड़िया आदि उपस्थित थी।

## डीसी, एसपी, समेत कुल 189 सरकारी पदाधिकारियों और कर्मियों ने किया रक्तदान




**चतरा (आजाद सिपाही)।** गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की आवश्यकता को पूरा करने की मुख्य मंत्री की पहल पर विकास भवन स्थित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में मंगलवार को 10 बजे से संध्या 5 बजे तक जिले के विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारियों और कर्मियों का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उपायुक्त रमेश घोलप और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने रक्तदान शिविर का निरीक्षण कर रक्तदान करने वाले सीआरपीएफ, पुलिस कर्मी, जिले व प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों का इस नेक काम के लिए हौसला आफजाई किया। इस मौके पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, समेत जिले के अन्य वरीय अधिकारियों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि जिले में रक्त संगृहीत रहने से थैलेसीमिया, एनीमिया, एक्सीडेंटल समेत अन्य गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले की ब्लड बैंक में मरीजों को पर्याप्त मात्रा में रक्त की सुनिश्चितता करने हेतु पूरे साल कैलेंडर बनाकर कैंप आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने सभी आमजनों से रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए रक्तदान जरूर करने और इस नेक कार्य के लिए दूसरे को भी प्रेरित करने की बात कही। जिले में पहली बार शिविर में कुल 189 यूनिट रक्त संगृहीत किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी/ दक्षिणी,उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, सभी कार्यालय के कार्यालय प्रधान, रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

## समय से नहीं खुलता है आंगनबाड़ी केंद्र

**हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। कई आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका का समय से न पहुंचने का सिलसिला जारी है। जिससे बच्चों को पढ़ाई के साथ पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद भी लापरवाह सेविकाओं के खिलाफ महज खानापूर्ति के लिए कार्रवाई की जाती है। सरकार द्वारा यहां के नौनिहालों के शारीरिक और मानसिक विकास, उचित पोषक आहार के साथ अच्छी प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र खोले गये थे। लेकिन केंद्र पर कार्यरत सेविका और सहायिका के साथ पर्यवेक्षिका की अनदेखी के कारण आंगनबाड़ी केंद्र समय पर नहीं खुल रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में बरती जा रही लापरवाही की खबर विभागीय अफसरों को होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में हंटरगंज अंचल अधिकारी सह बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच की जा रही है। जांच के उपरांत कार्रवाई की जायेगी।

## रेलवे भुरकुंडा और सौंदा फीडर में 10 से 5 बजे तक कटी रहेगी बिजली

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** रेलवे भुरकुंडा और सौंदा फीडर 16 अप्रैल को प्रात: 10:00 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली कटी रहेगी। इस दौरान सड़क किनारे जहां बिजली के तार गुजर रहे हैं उन स्थलों पर पेड़ों की टहनीयां की छटाई की जायेगी। यह जानकारी बिजली विभाग के विद्युत अभियंता रोहिताश कुमार ने दी।

# स्कूल वैन की चपेट में आने से छात्र की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** क्षेत्र के डुमरबेडा अगरिया टोला में मंगलवार की दोपहर स्कूल वैन की चपेट में आने से घर के सामने ही चार वर्षीय छात्र की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए रांची रोड स्थित द हॉप हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, बाल विद्या मंदिर आरा कोलियरी के एलकेजी के छात्र मो जिहब आलम (4 वर्ष) पिता शमशाद आलम स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूल वैन संख्या जेएच02बीबी-2697 से डुमरबेडा अगरिया टोला पहुंचा। जहां वैन से उतरकर अपने घर की ओर जा रहा था, इसी बीच छात्र को वैन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे छात्र को सिर में गंभीर चोटे आयी। वहीं, घटना के बाद उक्त गांव का रहने वाला चालक इकरार मियां फरार हो गया। इधर, मामले की जानकारी मिलते ही रामगढ़ उपायुक्त ने जांच करने के निर्देश दिया। जिस पर कुजू पुलिस द्वारा छात्र के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल के शीतगृह में ले जाने की तैयारी चल रही है। वहीं, पुलिस द्वारा मामले को लेकर मामला दर्ज करने की कागजी प्रक्रिया की जा रही है।



फाइल फोटो

### सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रजरप्पा थाना के चामरोम गांव स्थित कोची नाला में सोमवार की देर रात को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नाला में गिरा गया जिससे चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, सुबह सुबह जब ग्रामीण नाला तरफ गये तो दुर्घटना को देख पाया और घटना की जानकारी मंगलवार सुबह गांव के लोगों को हुई। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी रजरप्पा पुलिस को दी। पुलिस पहुंचने के बाद पाया नाला के पानी मे ही ट्रैक्टर के नीचे चालक दबा हुआ है। इसके बाद शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जानकारी के अनुसार चालक बोकारो जिला महुवा टांड थाना क्षेत्र धवैया का कृष्ण कुमार महतो (22 वर्ष) पिता खगेश्वर महतो का पुत्र था सोमवार की रात्रि को चामरोम की ओर से चितरपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर कोची नाला में अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। रजरप्पा पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार महतो शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है।

### थाना और ओपी प्रभारियों के साथ एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक

# पांडेय, सुशील और साहू गिरोह के अपराधी सुधर जायें, वरना होगी कार्रवाई : एसपी

**जेल से छुटे अपराधियों पर रखे नजर, थाना क्षेत्र में चलाए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने मंगलवार को अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान बैठक में उन्होंने सभी थाना और ओपी प्रभारियों को दो महीने के अंदर लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि जिले में अपराधियों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आपराधिक वारदातों पर ना सिर्फ लगाम लगाना है, बल्कि अपराधियों को गिरफ्तार भी करना है। उन्होंने कहा कि जिले में पांडे, सुशील और साहू गिरोह के अपराधी सुधर जाये, अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**वाहनों की हो लगातार चेकिंग, चोरी की वारदात पर रखे नजर :** एसपी अजय कुमार ने सभी थाना प्रभारी को क्षेत्र में वाहनों की लगातार चेकिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि चोरी की वारदातें अक्सर हो रही हैं। उसपर भी पूरी निगाह रखनी है। गृहभेदन और डकैती के काण्डों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करने को कहा।

**जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में दूर की जायेगी जनता की समस्याः एसपीः** डीजीपी के निर्देश पर रामगढ़ जिले में एक बार फिर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। 16 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर शहर के फुटबॉल ग्राउंड में शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहेंगे। एसपी अजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि इस कार्यक्रम में जनता की समस्या का समाधान किया जायेगा। इससे पहले भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं, जिसमें सैकड़ों लोग आवेदन लेकर आते हैं। जिन लोगों का मामला तत्काल समाधान करने योग्य होता है, उनपर ऑन द स्पॉट कार्रवाई होती है। जिन लोगों का मामला जमीन से जुड़ा होता है, उसे लेकर संबंधित अधिकारी से समन्वय स्थापित किया जाता है। बुधवार को आयोजित होने वाले शिविर में एसपी ने एक बार फिर रामगढ़ की जनता से शामिल होने की अपील की है।

### इन बिंदुओं पर एसपी ने की चर्चा

बैठक के दौरान एसपी ने मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील काण्डों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी इत्यादि) की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी, पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही जनशिकायत के प्राप्त मामलोंपर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो और बलात्कार) के मामलों को 02 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों और जागरूकता अभियान चलाने, जेल से छुटेअपराधियों, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत आईआईएफ 1 से 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा 144 सीआरपीसी या 163 बीएनएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एंड रन मामलों के पीड़ितों को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का ससमय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगरप्रिंट को एनएएफआईएस पर अपडेट करने, पुराने मामले में आरोपियों को अदालत में उपस्थित कराने सहित अन्य बिंदुओं पर निर्देशित किया गया।



# झोलाछाप डॉक्टर ने युवक की ली जान

**आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के पोस्तिया गांव में झोलाछाप डॉक्टर ने फिर एक शख्स की जान ले ली। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चतरा-गया मुख्य मार्ग घंटों जाम रखा। जानकारी के अनुसार झोलाछाप चिकित्सक लालू यादव ने एक सप्ताह पूर्व सुरेंद्र यादव नामक शख्स का इलाज किया। इस दौरान झोलाछाप चिकित्सक द्वारा गलत इंजेक्शन लगाते ही मरीज की स्थिति गंभीर होंने लगी। परिजनों ने गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सुरेंद्र की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गये और आरोपी झोलाछाप डॉक्टर की गिरफ्तारी और मृतक के आश्रितों को मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ राष्ट्रीय उच्च पथ 22 मुख्य मार्ग पर पोस्तिया मोड़ के समीप सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा, पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा, वशिष्ठनगर थाना प्रभारी सुनील कुमार, अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर चतरा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के हंगामें के बाद आरोपी झोलाछाप डॉक्टर फरार हो गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



### हरहद कंडेर में मंडा पूजा धूमधाम के साथ संपन्न

# दहकते अंगारे पर नंगे पाव चले भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत हरहद कंडेर शिवालय परिसर में सोमवार की रात्रि को मंडा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरुलिया बंगाल से आई दो महिला छऊ नृत्य टीमों के बीच शानदार मुकाबला देखने को मिला। नृत्य अखाड़ा का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी विनेश कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया रमेश बेदिया, आजसू नेता ठाकुरदास महतो और ग्रामीण रमेश रजक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि मंडा पूजा का इतिहास काफी प्राचीन है। उन्होंने कहा कि लोग बताते हैं कि इस परंपरा की शुरुआत नागवंशी राजाओं ने की थी। मंडप पूजा करने वाले भक्त इसे माता सती का आशीर्वाद मानते हैं। इस त्योहार को झारखंड में उत्स हा भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है। अतिथियों के संबोधन के बाद बंगाल से आई दो महिला छऊ नृत्य टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। धार्मिक ग्रंथो पर आधारित नाच देखने के बाद ग्रामीणों ने महिला टीमों की नृत्य की खूब सराहना की। मंगलवार की सुबह फूल खुंदी का आयोजन किया। जिसमें दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर भक्तों ने अपनी भक्ति की शक्ति का प्रदर्शन किया। इस नजारे को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान बोलो बोलो शिवाय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा था। वहीं आयोजन समिति द्वारा मंडाटांड़ में मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार की सामग्रियां खरीदने और छोला, गुपचुप, मिठाइयां, खिलौने सहित अन्य जरूरी सामान की खरीदारी की। मौके पर विनेश कुमार सिंह, यशवंत सिंह, अध्यक्ष प्रशांत सिंह, सचिव बसंत मुंडा, कोषाध्यक्ष सुनील राम, दिलीप मुंडा, अनिल राम, प्रमोद सिंह, तेज नारायण सिंह, महेश सिंह, मनोज सिंह, सोमेश्वर सिंह, मेवालाल महतो, देवानंद महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## विद्यालय में कंप्यूटर सेट की चोरी



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कॉलोनी उत्क्रमित मध्य विद्यालय टंडवा में बीते रात्रि कंप्यूटर उपकरण की चोरी होने की मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि बीते शनिवार को विद्यालय में पठन-पाठन होने के बाद शिक्षकों ने रविवार और सोमवार को अंबेडकर जयंती की छूटी के बाद मंगलवार को विद्यालय खोला गया। इसके बाद देखा गया कि स्मार्ट क्लास का रूम और कंप्यूटर रूम का दरवाजा का लॉक तोड़कर कई तरह के समान जैसे सीपीयू कंप्यूटर सेट आदि सामान चोरी हो गया है जिसकी सूचना फोन के द्वारा बीपीओ, सीआरपी प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया, को सूचना दिया गया और उनके माध्यम से टंडवा थाना को सूचना दी गयी है। थाना से पुलिस की एक दल ने जांच की प्रक्रिया प्रारंभ किया। तत्पश्चात अज्ञात व्यक्तियों पर विद्यालय प्रभारी प्रमोद वर्मा की लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई शुरू कर दिया गया बताया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य और पोषण पौष्टिक आहार के बारे में दी गयी जानकारी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला के आंगनबाड़ी केंद्र पुराना थाना मोहल्ला में पौष्टिक आहार से संबंधित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत एक सप्ताह पूरा होने के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रो द्वारा पोस्टिक आहार का स्टॉल लगा कर ग्रामीणों को पौष्टिक आहार के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। मुखिया ने बताया कि पोषण पखवाड़ा ग्राम पंचायत में 22 अप्रैल 2025 तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन पोषण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम किये जायेंगे। जिससे ग्रामीणों में पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित जानकारी साझा कर जागरूक किया जायेगा। पोषण पखवाड़ा में बच्चों, धात्री और गर्भवती महिलाओं का वजन, खान-पान, टीकाकरण, योग और खेलकूद, रेडी टू ईट पैकेट का वितरण किया जायेगा। साथ ही गर्भधारण से दो वर्ष तक अर्थात 1000 दिनों की विशेष जानकारी महिलाओं को दी गयी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका प्रेमी सलोनी तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय, किरण सिंह, सहिया रंजू सिंह, मंजू देवी, सहायिका शकुंतला देवी, मीरा देवी, संजीदा खातून सहित दर्जनों महिलाएं और बच्चों ने भाग लिया।

## रामगढ़ में कैंसर से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सीएस ने की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला स्वास्थ्य समिति रामगढ़ ने भगवान महावीर मेडिकल हॉस्पिटल (मणिपाल हॉस्पिटल ग्रुप की एक इकाई) रांची के सौजन्य से कैंसर से संबंधित सुविधाएं को रामगढ़ वासियों के लिए उपलब्ध कराने को लेकर सीएस कार्यालय में मंगलवार को सीएस डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में जिला लेप्रोसी पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ अजय चौधरी, रेफरल अस्पताल भरेचनगर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जाफर, जिला डाटा प्रबंधक रश्मि एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह थे। इस दौरान बैठक में सदर अस्पताल में सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को शिविर लगाना सुनिश्चित किया गया। बैठक में भगवान महावीर मेडिकल अस्पताल के मार्केटिंग हेड विभूतिभूषण और एग्जीक्यूटिव राहुल सिंह के साथ शिविर में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही कैंसर रोग शिविर के साथ-साथ सहियाओं को कैंसर से संबंधित प्रशिक्षण दी जायेगी, ताकि वह अपने क्षेत्र में कैंसर के लक्षणों को शुरुआत में ही पहचान और उसके बाद जरूरी इलाज के लिए सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध हो सके।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 17997 दिनांक 11.01.2025 मैं BALESHWAR BHUIYAN, पिता- स्व० चन्द्र भुईयां, स्थायी निवास स्थान ग्राम-केदारूल, देवचंदा, थाना- बरही, जिला- हजारीबाग (झारखण्ड) वर्तमान निवास स्थान सी०सी०एल० चुना भट्ठा, शिव मंदिर, अरगडा, पो०-अरगडा, थाना-रामगढ़, जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ किः-
1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ और मेरा आधार संख्या-6314 7659 7228 है।
2. यह कि मेरे पिता स्व० चन्द्र भुईयां सी०सी०एल० चुना भट्ठा, नियर शिव मंदिर रामगढ़ में PR CAT-1 पद पर एवं इकाई अरगडा, सिरका OC है के पद पर कार्यरत हैं।
3. यह कि मेरे पिता स्व० चन्द्र भुईयां का मृत्यु दिनांक 18/07/2024 को हो गई है, मृत्यु प्रमाण पत्र नगर निगम, रांची द्वारा निर्गत है जिसका पंजीकरण संख्या- D202420900320004279 है।
4. यह कि मेरे पिता के सर्विस बुक में मेरा नाम बालेश्वर भुईयां है जो सही है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सोमनाथ भुईयां है, जो गलत है, आधार कार्ड में सुधार हेतु यह शपथ पत्र दे रहा हूँ।
5. यह कि उपरोक्त तथ्य मेरी जानकारी में सत्य वो सही है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सं.: टीएम-डब्ल्यू-पीक्यूआरएस-2025-01, दिनांक 11.04.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा मदों के सामने उल्लिखित तिथि और समय पर निम्नलिखित कार्यों/सेवाओं के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्यों का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे में संपूर्ण आउटसोर्सिंग पर ठेकेदार के पीक्यूआरएस/एसक्यूआरएस मशीनों एवं ठेकेदार की जनशक्ति द्वारा थ्रू स्लीपर रिन्यूअल कार्य का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 72,26,70,337.94, **बयाना राशि:** रु.37,63,400/-, **निविदा कागजात की लागत:** रु.0, **अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 14.05.2025 को 12.00 बजे। **कार्य समापन की अवधि:** 60 (साठ) माह। निविदा अनुसूची में कोई भी परिवर्तन, शुद्धिपत्र, संशोधन, यदि कोई हो, केवल ई-टेंडर पोर्टल पर उपलब्ध होगा तथा उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं तथा अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **टिप्पणी:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। हेल्प डेस्क संपर्क नं. 033-2450-3436
(PR-44)

**केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)**
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
हेहल, रांची - 834005
ईमेल: ranchi@cipet.gov.in, वेबसाईट: www.cipet.gov.in, दूरभाष: 0651-2999713

AICTE APPROVED COURSES

**प्रवेश प्रारंभ 2025**

EXCELLENT PLACEMENT OPPORTUNITY

**CIPET ADMISSION TEST 2025**

ऑनलाइन आवेदन करें : https://cipet25.onlineregistrationform.org/CIPET/

**10वीं, 12वीं के छात्रों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम**

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम का नाम | कोर्स अवधि | प्रवेश योग्यता |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीएमटी) | 3 वर्ष | 10वीं कक्षा, जिन छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा दी है वे भी आवेदन कर सकते हैं। |
| 2. | प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीटी) | | |

कोई आयु सीमा नहीं

महत्वपूर्ण तारीख
- CAT आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 29.05.2025
- CAT प्रवेश परीक्षा की तिथि : 08.06.2025

अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें :
9937344037, 7050814429, 8058128857, 9351351741

# अमेरिका-चीन का टैरिफ युद्ध

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 3 अप्रैल को दुनिया के अनेक देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद चीन और अमेरिका के बीच शुरू हुई 'ट्रेड वॉर' (टैरिफ युद्ध) लगातार बढ़ती जा रही है। चीन ने इसके अगले दिन ही 4 अप्रैल को अमेरिका पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था, जिसके जवाब में अमेरिका ने चीन पर पहले 9 अप्रैल को 125 प्रतिशत और फिर 10 अप्रैल को इसे बढ़ा कर 145 प्रतिशत कर दिया। हालांकि, अमेरिका ने 9 अप्रैल को पूरी दुनिया पर लगाये गये टैरिफ को 3 महीने के लिए स्थगित कर दिया, लेकिन चीन को राहत नहीं दी। इस पर चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी वार करते हुए 125 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। चीन द्वारा टैरिफ में नवीनतम वृद्धि की घोषणा के बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हम अपनी टैरिफ नीति पर वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं। व्हाइट हाऊस ने बाद में कहा कि ट्रंप चीन के साथ समझौते के बारे में आशावादी बने हुए हैं, लेकिन इसके साथ ही अमेरिका सरकार की प्रैस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ने यह बहुत स्पष्ट कर दिया है कि जब अमेरिका को मुक्का मारा जायेगा, तो वह और भी जोरदार तरीके से मुक्का मारेंगे। अमेरिका और चीन में छिड़े टैरिफ युद्ध के कारण पूरी दुनिया के अधिकांश बाजार हिले हुए हैं और शेयर बाजारों में लगातार गिरावट देखी जा रही है। इसके परिणामस्वरूप निवेशकों के अरबों रुपये डूब गये हैं और महंगाई बढ़ने का खतरा भी लगातार बना हुआ है। चिंता की बात ये है कि, ट्रंप का ये फैसला दुनिया के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। इससे इन्वेस्टमेंट, ग्लोबल ट्रेड प्रभावित हो रहा है और लोग खर्च करने से कतरा रहे हैं। ट्रंप ने 2 अप्रैल को लिबरेशन डे बताया था, लेकिन असल में ये बाकी दुनिया के लिए रिसेशन डे साबित हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप अगर सचमुच लॉन्ग टर्म के लिए टैरिफ को लागू करने का फैसला करते हैं, तो इससे अर्थव्यवस्था में खपत कम होगी, सप्लाई चेन बाधित होगा और देशों की आर्थिक विकास की स्थिति कमजोर होगी - जिससे दुनिया के बड़ी मंदी की चपेट में जाने की आशंका है। आज कई एक्सपर्ट्स भी चेतावनी दे रहे हैं कि ट्रंप के टैरिफ ग्रेट डिप्रेशन-एरा स्मूट-हॉली टैरिफ की तरह ही हैं और इसी तरह आर्थिक स्थिति को खराब कर सकते हैं। कुछ विश्लेषण बताते हैं कि ट्रंप कार्यकाल के तहत मौजूदा टैरिफ का लेवल स्मूट-हॉली युग के दौरान लगाये गये टैरिफ से भी कहीं ज्यादा हैं।

**अमेरिका और चीन में छिड़े टैरिफ युद्ध के कारण पूरी दुनिया के अधिकांश बाजार हिले हुए हैं और शेयर बाजारों में लगातार गिरावट देखी जा रही है। इसके परिणामस्वरूप निवेशकों के अरबों रुपये डूब गये हैं और महंगाई बढ़ने का खतरा भी लगातार बना हुआ है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वेव्स बाजार वैश्विक मनोरंजन इकोसिस्टम में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए तैयार किया गया एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाजार बनने का प्रयास है। सहजता से और मिलजुल कर काम करने को बढ़ावा देने के अपने मिशन के साथ, वेव्स बाजार मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए अंतिम व्यावसायिक केंद्र के रूप में काम करने का प्रयास करता है, जिससे पेशेवरों को अपनी पहुंच का विस्तार करने, नये अवसरों की खोज करने और उच्च-मूल्य वाली साझेदारियों में शामिल होने में मदद मिलती है।**

# वेव्स बाजार: मीडिया और मनोरंजन के वैश्विक मंच पर भारत का निर्णायक लगान क्षण

**आमिर खान**



भारत मनोरंजन और मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, यह तेजी से बढ़ रहा है और लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में फल-फूल रहा है। हम इंटरनेट कनेक्शन पर ऑडियो और वीडियो फाइलों को निरंतर प्रसारित करने की सेवाओं, क्षेत्रीय भाषा निर्माणों और तकनीक-प्रेमी दर्शकों के उदय से प्रेरित विविध प्लेटफार्मों पर सामग्री निर्माण में उछाल देख रहे हैं, जो ताजा, आकर्षक और समावेशी कथाओं की मांग करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं, न केवल मनोरंजन के स्रोत के रूप में बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, आर्थिक विकास और वैश्विक प्रभाव के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में।

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, जिसे संक्षिप्त शब्द वेव्स के नाम से जाना जाता है, 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो भारत के बढ़ते सम्मान और उसकी बढ़ती पहचान का गवाह होगा और वेव्स बाजार इस आयोजन का एक प्रमुख भाग है। उद्योग में दशकों बिताने वाले व्यक्ति के रूप में, मेरा मानना है कि कहानी सुनाने में एकजुट होने, प्रेरित करने और बदलने की ताकत है। वेव्स और वेव्स बाजार के साथ, हम वैश्विक मनोरंजन समुदाय के लिए अधिक सहयोगी और समावेशी भविष्य बनाने की दिशा में एक साहसिक कदम उठा रहे हैं।

**वेव्स बाजार एक अनूठा इ-मार्केटप्लेस है, जो मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाता है।**

वेव्स बाजार वैश्विक मनोरंजन इकोसिस्टम में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए तैयार किया गया एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाजार बनने का प्रयास है। सहजता से और मिलजुल कर काम करने को बढ़ावा देने के अपने मिशन के साथ, वेव्स बाजार मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए अंतिम व्यावसायिक केंद्र के रूप में काम करने का प्रयास करता है, जिससे पेशेवरों को अपनी पहुंच का विस्तार करने, नये अवसरों की खोज करने और उच्च-मूल्य वाली साझेदारियों में शामिल होने में मदद मिलती है।

27 जनवरी, 2025 को केंद्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा आधिकारिक रूप से शुरू किया गया, वेव्स बाजार मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वेव्स शिखर सम्मेलन को एक प्रमुख कार्यक्रम में बदलने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण साधन है, जो वित्त और अर्थव्यवस्था क्षेत्रों के लिए दावोस शिखर सम्मेलन जैसा है।

मेरा मानना है कि शुरुआत के बाद से, एमऔरई सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों से 5500 खरीदार, 2000 से ज्यादा विक्रेता और लगभग 1000 प्रोजेक्ट पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। लंबे समय में, पोर्टल को एम और इ उद्योग के लिए एक व्यापक कंटेंट मार्केटप्लेस और नेटवर्किंग हब के रूप में विकसित होने की उम्मीद है, जिसमें एआइ-संचालित प्रोफाइलिंग और मैचमेकिंग टूल शामिल हैं।

यह प्लेटफॉर्म के भीतर ऑनलाइन पिचिंग सेशन, वर्चुअल बी2बी मीटिंग, वेबिनार और बहुत कुछ की मेजबानी करेगा।

वेव्स बाजार एक अनूठा इ-मार्केटप्लेस है, जो मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाता है - जिसमें फिल्म, टेलीविजन, एनीमेशन, गेमिंग, विज्ञापन, एक्सआर, संगीत, साउंड डिजाइन, रेडियो और बहुत कुछ शामिल है। यह प्लेटफॉर्म खरीदारों और विक्रेताओं के बीच एक पुल के रूप में कार्य करेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि उद्योग के पेशेवर आसानी से अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन कर सकें, संभावित ग्राहकों से जुड़ सकें और सार्थक सहयोग प्राप्त कर सकें।

चाहे आप एक फिल्म निर्माता हों, जो एक प्रोडक्शन पार्टनर की तलाश कर रहे हों, एक विज्ञापनदाता जो सही मंच की तलाश कर रहे हों, एक गेम डेवलपर जो निवेशकों की तलाश कर रहे हों, या एक कलाकार जो अपने काम को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करना चाहते हों, वेव्स बाजार उद्योग के पेशेवरों को नेटवर्क, सहयोग और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए एक गतिशील स्थान प्रदान करने की आशा करता है।

वेव्स बाजार एक एकीकृत बी2बी बाजार है, जो वैश्विक मनोरंजन उद्योग के जुड़ने, सहयोग करने और बढ़ने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। फिल्म, टेलीविजन, संगीत, गेमिंग, एनीमेशन, विज्ञापन और एक्सआर, एआर और वीआर जैसी इमर्सिव तकनीक के पेशेवरों को एक साथ लाकर, यह प्लेटफॉर्म विविध रचनात्मक क्षेत्रों में लिस्टिंग, खोज और लेन-देन के लिए एक व्यापक स्थान प्रदान करता है। चाहे आप वितरण चाहने वाले निर्माता हों, नये आइपी की तलाश करने वाले गेम डेवलपर हों या लाइसेंसिंग अवसरों की तलाश करने वाले साउंड डिजाइनर हों, वेव्स बाजार श्रेणी-विशिष्ट लिस्टिंग, सुरक्षित व्यूइंग रूम और क्यूरेटेड नेटवर्किंग सुविधाओं के साथ पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है।

निर्बाध व्यावसायिक संपर्कों के लिए डिजाइन किया गया, वेव्स बाजार विक्रेताओं और खरीदारों दोनों को भौगोलिक सीमाओं के बिना सही साझेदार और अवसर खोजने में सक्षम बनाता है। विक्रेता - फिल्म स्टूडियो और एनीमेशन हाउस से लेकर पॉडकास्ट क्रिएटर और मार्केटिंग एजेंसियों तक - निवेशकों, वितरकों और सहयोगियों के वैश्विक दर्शकों के सामने अपनी सेवाएं और सामग्री प्रदर्शित कर सकते हैं। साथ ही, खरीदारों को उच्च-गुणवत्ता वाली, अत्याधुनिक परियोजनाओं तक पहुंच प्राप्त होती है, जबकि निवेशक सह-निर्माण सौदों और स्केलेबल उपक्रमों की खोज करते हैं। यह प्लेटफॉर्म उद्योग की घटनाओं, देखने के कमरों, निवेशक मीट-अप और लाइव स्क्रीनिंग तक विशेष पहुंच को भी एकीकृत करता है, यह सुनिश्चित करता है कि सार्थक सौदे वर्चुअल बातचीत से परे हों।

वेव्स बाजार का मुख्य आकर्षण 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई के बीकेसी स्थित जियो कन्वेंशन सेंटर में होने वाले वेव्स शिखर सम्मेलन में इसकी वास्तविक उपस्थिति होगी। डिजिटल मार्केटप्लेस से चुने गये प्रतिभागियों को शीर्ष-स्तरीय हितधारकों के साथ व्यक्तिगत रूप से पिच, नेटवर्क और सौदे करने का अवसर मिलेगा। क्यूरेटेड स्क्रीनिंग से लेकर लाइव चर्चा और सहयोग मंचों तक, यह शिखर सम्मेलन मनोरंजन नेटवर्किंग के भविष्य को आकार देने के लिए डिजिटल और गैर-डिजिटल को मिलाता है। अपने अभिनव दृष्टिकोण के साथ, वेव्स बाजार सिर्फ. एक मंच नहीं है - यह एक स्मार्ट, अधिक कनेक्टेड और वैश्विक रूप से समावेशी मनोरंजन उद्योग की दिशा में एक आंदोलन है। कलाकार के तौर पर हम लगातार ऐसे स्थानों की तलाश करते हैं, जो हमें चुनौती दें, हमें प्रेरित करें और हमें पारंपरिक से परे सोचने के लिए प्रेरित करें।

वेव्स एक ऐसा स्थान बनने का प्रयास करता है - एक ऐसा आंदोलन जो भाषाओं, संस्कृतियों और माध्यमों में सहयोग को प्रोत्साहित करता है। मुझे इस दूरदर्शी यात्रा का हिस्सा होने पर गर्व है, और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे वेव्स हमारे जुड़ने, बनाने और कहानियों का जश्न मनाने के तरीके को फिर से परिभाषित करेगा - न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में। मेरा मानना है कि हम मीडिया और मनोरंजन की दुनिया में भारत के लगान क्षण को देख रहे हैं - एकता, साहस और दूरदर्शिता का एक क्षण जो हमारी सीमाओं से बहुत दूर तक गूंजेगा। आइए हम एक साथ मिल कर कल्पना करें, साझा करें और एक ऐसा भविष्य बनायें, जहां हर आवाज को सुनने का मौका मिले।

## कोल्हान की खबरें

### हेमंत सोरेन पार्टी के अध्यक्ष बनने से झामुमो को मिलेगी नयी ऊर्जा : मंगल कालिंदी




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें महाधिवेशन में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक और हेमंत सोरेन को पार्टी का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस ऐतिहासिक निर्णय पर जुगसलाई विधायकग मंगल कालिंदी ने खुशी व्यक्त करते हुए हेमंत सोरेन को हार्दिक बधाई दी। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा गुरुजी के आशीर्वाद और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो नयी उचाइयों को छुयेगा। उन्होंने विश्वास जताया हेमंत जी की सूझ-बूझ, अनुभव और जनभावनाओं से जुड़ी उनकी राजनीतिक सोच पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी। श्री कालिंदी ने आगे कहा यह फैसला पार्टी के लिए गर्व का विषय है। इससे पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई झामुमो आने वाले दिनों में जनहित के लिए और अधिक प्रभावशाली ढंग से कार्य करेगी। झारखंड की अस्मिता,अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभायेगी।

### हेमंत सोरेन के झामुमो अध्यक्ष बनने पर संजीव सरदार ने दी बधाई



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष पद पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सर्वसम्मति से चयन पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। विधायक श्री सरदार ने कहा हेमंत सोरेन को अध्यक्ष बनना झामुमो के लिए एक नये युग की शुरूआत है। उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक संगठित, सशक्त और जनसरोकारों से जुड़ी होगी। यह निर्णय पर झारखंड के आदिवासी, पिछड़ा, मूलवासी, किसान, मजदूर और युवा वर्ग के सपनों को नयी दिशा मिलेगी। झामुमो के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को संस्थापक संरक्षक घोषित किया गया। गुरुजी ने अपने चार दशक लंबे राजनीतिक जीवन में झारखंड राज्य निर्माण और सामाजिक न्याय के लिए ऐतिहासिक योगदान दिए है। हेमंत सोरेन 2015 से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे थे। अब औपचारिक रूप से पार्टी की कमान उन्हें सौंपी गयी। इस बदलाव को पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने संगठन में नवचेतना और एकजुटता का प्रतीक बताया है। विधायक संजीव सरदार ने कहा हेमंत जी का नेतृत्व झारखंड को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। हम सब उनके साथ हैं और उनके नेतृत्व में झामुमो निरंतर आगे बढ़ेगी।

### एसएसपी से मिला एनडीए प्रतिनिधिमंडल, वर्तमान जांच पद्धति में सुधार और रांची मॉडल लागू करने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के निर्देश पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी से मुलाकात की। मंगलवार प्रतिनिधिमंडल ने विधायक श्री राय द्वारा लिखित पत्र सौंपते हुए शहर में दोपहिया वाहनों की अनियमित जांच के कारण आम नागरिकों को हो रही परेशानियों को उजागर किया। प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से आग्रह किया वर्तमान जांच पद्धति में सुधार लाया जाये और रांची की तर्ज पर आधुनिक व डिजिटल माध्यमों से जांच प्रक्रिया अपनायी जाये। उन्होंने कहा जांच के नाम पर शहरवासियों को विशेषकर वृद्धजनों, छोटे बच्चों और आपातकालीन स्थिति में बाहर निकले वाले को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा जांच अभियान सब्जी बाजार, मॉर्निंग वॉक स्थलों, स्कूलों के समीप तथा एक ही सड़क पर कई स्थानों पर चलाया जा रहा है। जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। पुलिस कर्मियों द्वारा अचानक वाहन रोकने की प्रवृत्ति से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कुछ क्षेत्रों में जांच के पक्षपात शिकायतें मिल रही हैं, जिससे यातायात पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे लोगों में यह धारणा बन रही कि पुलिस प्रशासन का उद्देश्य नियम पालन से अधिक वसूली है।

प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से डिजिटल प्लेटफार्म पर आधारित जांच प्रणाली लागू की जाये और नियम उल्लंघन करने वालों को चालान उनके पते पर भेजा जाये। एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने यह स्वीकार किया वर्तमान में शहर के सभी स्थलों पर सीसीटीवी नहीं लगे हैं,लेकिन सुझावों पर जल्द कार्य किया जायेगा। मौके पर धर्मेन्द्र प्रसाद, अनुज चौधरी, अंजन सरकार, भीम सिंह, ललन चौहान, अमरेन्द्र मल्लिक, राकेश सिंह, शेषनाथ पाठक, तारक मुखर्जी, दीपल विश्वास, रंजीत आइच, संजीव सिंह और अजीत सिंह शामिल रहे।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन को मिली झारखंड सरकार से पूर्ण मान्यता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन को झारखंड सरकार के श्रम विभाग द्वारा संवैधानिक मान्यता प्रदान करते हुए रजिस्टर ह्यबीह्व में तीसरी बार आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया। मंगलवार को उपलब्धि की जानकारी यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया चुनाव के बाद कार्यकारिणी के पंजीकरण के लिए श्रम विभाग में आवेदन किया गया था, जिस पर विचार करते हुए सरकार ने यूनियन को पुनः रजिस्टर 'बी' में दर्ज किया। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन वर्ष 2017 से अपने निबंधन संविधान के अनुरूप पारदर्शी तरीके से कार्य कर रही है। यूनियन समय पर समिति बैठक, वार्षिक आम सभा और तीन वर्ष में एक बार निष्पक्ष चुनाव आयोजन जैसे सभी संवैधानिक प्रावधानों का पालन करती रही। चुनाव की प्रक्रिया पर्यवेक्षकों एवं चुनाव संचालन समिति की देखरेख में पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न होती है। वरिष्ठ सलाहकार प्रवीण सिंह ने कहा संवैधानिक रूप से निर्वाचित कार्यकारिणी को सरकार द्वारा मान्यता दिये जाने से यूनियन की ताकत बढ़ेगी और श्रमिक हितों की रक्षा में इसे मजबूती मिलेगी। इस उपलब्धि के लिए कर्मचारियों और यूनियन पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखने को मिला। कंपनी के मेन गेट से यूनियन कार्यालय तक गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। महामंत्री आरके सिंह, सलाहकार प्रवीण सिंह समेत यूनियन के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में कर्मचारी, पदाधिकारी और समिति सदस्य शामिल हुए। महामंत्री आर.के. सिंह ने बताया यूनियन कार्यकारिणी की अगली बैठक 18 अप्रैल को किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया यूनियन एवं प्रबंधन के बीच हुए ऐतिहासिक समझौते के तहत टाटा मोटर्स से सेवानिवृत्त कर्मियों के मेडिक्लेम की राशि को 75,000 रुपये से बढ़ाकर 1,50,000 रुपये किया गया। यह संशोधित सुविधा 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे हजारों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

### साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगो से क्रमवार मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हो उपायुक्त नें संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पर नियमानुसार यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिये, साथ ही सभी योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि सम्बन्धित मामले, अनुकंपा आधारित मामले, पुनर्वास कार्यालय, चांडिल से संबंधित मामले, भारत रबड, प्राइवेट लिमटेड गम्हरिया द्वारा कर्मियों का तय मानक के अनुरूप मिनिमन वेजेस ना देने तथा रिटायर्ड कर्मियों के लंबित राशि भुगतान ना करने, नगर पंचायत सरायकेला मे अनियमित पेयजल आपूर्ति समेत विभिन्न विभाग से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो में कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निराकरण किया गया तथा अन्य सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को नियमानुसार यथोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### कपाली में युवक की पत्थर से कूच कर हत्या

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के कपाली ओपी अंतर्गत ताजनगर स्थित एक मदरसा के समीप एक युवक की पत्थर से कूचकर हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान मोहम्मद हुसैन (28) के रूप में हुई है। इधर सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कबाड़ खरीदने का काम करता था। मंगलवार सुबह अपने घर से कबाड़ खरीदने निकला था। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने ताज नगर स्थित मदरसा के समीप कमरे में पत्थर से कूचकर कर उसकी निर्मम हत्या कर दी।

### सिंहभूम चैंबर ने जियाडा एमडी से की मुलाकात औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जियाडा की प्रबंध निदेशक प्रेरणा दीक्षित से रांची में मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकत के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग कलस्टर और आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण, जर्जर सड़कें, खराब स्ट्रीट लाइट, नशाखोरी,चोरी,पार्किंग की कमी व अन्य आधारभूत समस्याओ से अवगत कराया। उपाध्यक्ष पुनीत कांवटिया ने डीओपी सरलीकरण और होल्डिंग टैक्स के मुद्दे उठाये। वहीं अधिवक्ता राजीव अग्रवाल ने झारखंड राज्य खनिज निगम की स्थापना और सिंगल विंडो सिस्टम की मांग की। साथ ही एमएसएमइ सुविधा केंद्र और नये औद्योगिक पार्क की आवश्यकता की जानकारी दी। प्रबंध निदेशक ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष पुनीत कांवटिया, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हरिहरपुर प्रीमियम लीग का विजेता बना प्रिंस इलेवन कांडी



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राममनोहर लोहिया स्टेडियम हरिहरपुर में सोमवार - मंगलवार की रात्रि में हरिहरपुर प्रीमियम लीग के पहले सीजन का फाइनल मैच प्रिंस इलेवन कांडी तथा नैनाबर क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। फाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व विधायक भवनाथपुर तथा झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने पूजा अर्चना कर फीता काटते हुए अपनें बल्ले से गेंद को मारकर किया। नैनाबार की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवर में 6 विकेट खोकर 79 रन का लक्ष्य दिया, वहीं जवाबी पारी खेलते हुए प्रिंस इलेवन कांडी ने छठवें ओवर में ही मैच को अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच कांडी के विशाल को दिया गया तथा मैन ऑफ द सीरीज कांडी के प्रियांसु को दिया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 31000 रुपये और उपविजेता को ट्रॉफी के साथ 15000 रुपये दिया गया।

# गढ़वा : दो सगे भाई सहित चार बच्चों की डोभा में डूबने से मौत

- दोपहर में खेलने के बाद डोभा में नहाने के दौरान चारों बच्चे गहरे पानी में डूबे
- जनप्रतिनिधि और प्रशासन ने जताया दुख, परिजनों को बंधाया ढांढस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के उडसुग्गी गांव में मंगलवार की दोपहर को एक दर्दनाक हादसे में चार बच्चों की मौत हो गयी। चारों बच्चे डोभा में नहाने के लिए उतरे थे, इसी दौरान गहरे पानी में जाने से चारों डूब गये। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों ने तुरंत चारों को डोभा से बाहर निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार चारों बच्चे तीसरी से 9वीं क्लास के नियमित छात्र थे। मृतकों में तीसरी कक्षा का छात्र लक्की कुमार (8), 5वीं का स्टूडेंट अक्षय कुमार (12), छठवीं का छात्र हरिओम चंद्रवंशी (13) और 9वीं क्लास का छात्र नारायण चंद्रवंशी (16) शामिल है। परिजनों के अनुसार काफी मन्नत के बाद सगे भाइयों का जन्म हुआ था। हरिओम और नारायण चंद्रवंशी दोनों सगे भाई थे। दोनों बाबूलाल चंद्रवंशी के पुत्र थे। बाबूलाल की शादी के 15 साल बाद काफी मन्नत के बाद दोनों बच्चों का जन्म हुआ था। वहीं, लक्की कुमार और अक्षय कुमार, बाबूलाल के भाई के नाती थे। घटना की जानकारी मिलने पर जनप्रतिनिधियों तथा गढ़वा जिला प्रशासन ने दुख जताया। वहीं एसडीओ संजय कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली। पर जनों ने कहा खेलने की बात कह कर घर से चारों निकले थे। खेलने के बाद चारों गांव के पास एक डोभा में नहाने लगे। गड्ढा गहरा होने के कारण वे सभी उसमें डूब गये। जब तक गांव वालों को इसकी जानकारी मिली, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। सदर अस्पताल पहुंचे सभी लोगों की आंखें नम थी। बताते चलें इसके कुछ दिन पहले पिछले शुक्रवार को सदर थाना हरैया गांव में एक आहार में डूबने से चार लड़कियों की मौत हो गयी थी।

## बंशीधर नगर : बिरला ओपेन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षण कार्य शुरू



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बंशीधर नगर अनुमंडल के सीरियाटोंगर में स्थित बिरला ओपेन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार से शिक्षण कार्य प्रारंभ हो गया। नये सत्र के पहले दिन नामांकित छात्र-छात्राओं का स्कूल में गर्मजोशी के साथ शानदार स्वागत कर शाला प्रवेश कराया गया। स्कूल के निदेशक मनीष सिंह, प्राचार्य रवीश प्रजापति और सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया। सबसे पहले नर्सरी कक्षा की छात्रा को शाला प्रवेश कराया गया। इसके बाद प्रातः सभा का संचालन शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। मौके पर निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल आधुनिक व उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों की टीम छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये समर्पित है।

## बाबा साहब ने जातिगत भेदभाव, सामाजिक अशांति और आर्थिक विषमता के खिलाफ संघर्ष किया : सुधीर प्रसाद



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती का शुभारंभ भारत माता ओम मां शारदे और भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पांडे और प्रसून कुमार ने संयुक्त रूप से किया। महान विभूति डॉक्टर अंबेडकर के जयंती के अवसर पर विद्यालय के भैया अर्णव पांडे, हिमांशु कुमार, मनीष कुमार, नैतिक सोनी, सार्थक राज अग्रहरि, चाहत जायसवाल, वैष्णवी कुमारी, दिव्या कुमारी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। आचार्या नीति कुमारी ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्मतिथि, भारत में 14 अप्रैल को हर साल अंबेडकर जयंती के रूप मे मनायी जाती है। यह दिन न केवल उनके जीवन और संघर्षों को याद करने का मौका है, बल्कि न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए भी यह बहुत ही ज्यादा जरूरी हो जाता है। प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर, जिन्हें बाबा साहेब, भारतीय संविधान के निर्माता, समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर कहा जाता है। उन्होंने जातिगत भेदभाव, सामाजिक अशांति और आर्थिक विषमता के खिलाफ संघर्ष किया। वे भारत के पहले कानून मंत्री भी बने और उन्होंने भारतीय संविधान की रचना में अहम योगदान दिया। 6 दिसंबर 1956 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और सिद्धांत आज भी समाज में कल्याणकारी और न्याय की प्रेरणा बने हुए हैं। इस अवसर पर सभी आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित थे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का धन और समय दोनों बचेगा : भानु

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय नगीना शाही महिला महाविद्यालय के प्रांगण में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित किया गया। गोष्ठी की शुरूआत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दिन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का धन और समय दोनों बचेगा, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं भारत में रहने वाले लोग की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू होना अति आवश्यक है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि देश में पहली बार एक बार चुनाव करने की बात नहीं कहीं जा रही है इससे पूर्व भी कई बार देश में 1967 तक एक साथ चुनाव हुए हैं। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से अपील किया कि वह मजबूती से सरकार और सभी सांसदों से मांग करें की एक राष्ट्र एक चुनाव का जो प्रस्ताव है वह कानून बने। जिससे भारत की जीडीपी को मजबूती मिले। उक्त अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, लक्ष्मण राम, लवली आनंद, शैलेश चौबे, संजीत तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, प्राचार्य कमलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जनता दरबार में डीसी ने एक-एक कर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने आज समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडो से आए फरियादियों की समस्याएं एक-एक कर सुनी और उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। मंगलवार के जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

सर्वप्रथम रमना प्रखंड के ग्राम मरवनियां से आये हरी भूंइया तथा हरिहर भूंइया ने अपने आवेदन के जरिए बताया की उनकी जमीन को NH-75 के निर्माण हेतु अधिग्रहित कर लिया गया परन्तु अभी तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है अतः उन्होंने उपायुक्त से अधिग्रहित जमीन पैसा भुगतान कराने हेतु अनुरोध किया। वहीं रमना प्रखंड के ग्राम मरवनियां से ही आये वृद्ध महिला /पुरुषो ने अपने आवेदन के माध्यम से बताया की उनलोगों का वृद्धा पेंशन पिछले 15 महीने से बिना किसी सुचना के हमसभी वृद्धजनों का पेंशन बंद कर दिया गया। इसकी सुचना हमलोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन के माध्यम से दिया हूं किंतु अभी तक कोई जवाब नहीं मिल पाया है। ग्राम मरवनियां से आये सभी वृद्धजनों ने अपने आवेदन के माध्यम से उनके बंद परे पेंशन को पुनः चालू कराने हेतु उपायुक्त से अनुरोध किया। मंगलवार के जनता दरबार में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 से अधिक मामले प्राप्त हुए। आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु उपायुक्त जमुआर द्वारा संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

## मुखिया प्रतिनिधि और मंदिर विकास रामनवमी पूजा समिति ने गरीब लड़की की करायी शादी

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव और बजनवा हनुमान मंदिर विकास रामनवमी पूजा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रमदाहा गांव निवासी अत्यंत गरीब व्यक्ति कृष्णा भुईयां की पुत्री रिंकी कुमारी का विवाह मंगलवार को बजनवा हनुमान मंदिर प्रांगण में गढ़वा प्रखंड अंतर्गत ओबरा पंचायत के बानूटिकर निवासी बुद्धिनारायण भुईयां के पुत्र अरूण कुमार के साथ धूमधाम से कराया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी व मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव के द्वारा बराती व घरातियों के लिए नाश्ता जलपान और भोजन की व्यवस्था किया गया और वर- वधू को विदाई स्वरूप उपहार भी प्रदान किये गये।

# डंडई में धड़ल्ले से चल रहा अवैध बालू का कारोबार, प्रशासन बेखबर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**डंडई।** डंडई थाना क्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से अवैध बालू का कारोबार चल रहा है। बालू माफिया बेखौफ हो कर शाम करीब 6 बजे सुबह 7 बजे तक इस काले धंधे में जोरो पर लगे हैं। बालू कनहर नदी से अवैध उत्खनन कर डंडई थाना के रास्ते से ले जाया जाता है। उक्त बालू चार हजार से पांच हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर बेचा जा रहा है। वहीं टीपर वैन से दस से बारह हजार प्रति टीपर बेचा जाता है। जिससे सरकार के राजस्व में भारी नुकसान पहुंच रहा है। बालू के अवैध कारोबार से बालू माफिया फल फूल रहे हैं। देर शाम होते ही बालू का अवैध ढुलाई शुरू हो जाता है। बालू माफिया बेखौफ होकर बालू के इस गोरखधंधा को अपनाकर मालामाल हो रहे हैं। जिस टीपर व ट्रैक्टर से अवैध बालू का कारोबार किया जाता है। उन टीपर और ट्रैक्टरों में नंबर प्लेट गायब रहता है। वही अधिकतर ट्रैक्टर चालक नाबालिक चालक रहते है। जिससे सड़क में दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि बलचौरा व सरकी कनहर नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर रारो, लवादोनी, लवाही, बैरियादामर सहित अन्य गांव के रास्ते से ले जाया जाता है और बालू को विभिन्न क्षेत्रों में महंगे दरों पर बेचा जाता है। बालू माफिया खुलेआम प्रशासन को चुनौती देकर इस धंधे में लगे है। बैरियादामर व त्रिवेणी टोला के ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के समय डोल, भंडार, कदवा के बालू माफिया इसी रास्ते से बालू लदा ट्रैक्टर को ले जाते है।

स्थानीय लोगों की मानें तो बालू के इस अवैध धंधे में कुछ भ्रष्ट अधिकारी और कर्मियों और विभागीय पदाधिकारियों की भी संलिप्तता रहती है। जिस कारण बालू के अवैध उठाव को रोक पाने में प्रशासन कामयाब नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है कि बालू लदे टीपर और ट्रैक्टर अम्माखोरेया के मुख्य सड़क से रारो, लवाही गांव होते डंडई थाना से होकर गुजरती है। इसके बाद भी अधिकारी कान में तेल डाल सोई हुई है। सुबह में कई लोग सड़क पर वॉकिंग करते हैं उस दौरान बालू लदा ट्रैक्टर काफी स्पीड में गुजरती है जिससे दुर्घटना होने की भी भय बनी रहती है।

### अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी : राजेंद्र उरांव

इस मामले में जिला खनन अधिकारी राजेंद्र उरांव ने बताया कि बालू का अवैध उत्खनन की जानकारी मिली है। छापेमारी अभियान चलाकर बालू के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

**The Gazette of India**
**Extraordinary**
**Part II- Section 3-Sub-section (ii)**
**MINISTRY OF RAILWAY**
**(South Eastern Railway), (Construction Organization)**

**NOTIFICATION**

**Kolkata, 07th April, 2025**

S.O.1636(E): In exercise of Power conferred by sub-section (1) of section 20A of the Railways Act,1989 (24 of 1989), Chapter IV-A (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government, after being satisfied that for the public purpose, the land, the brief description of which is given in the schedule below, is required for execution, maintenance, management and operation of "Illoo- Silli Bypass line avoiding Muri Junction (5.9 Km.)" as Special Railway Project in the district of Ranchi in the state of Jharkhand, hereby declares its intension to acquire such land.

Any person interested in the said land may, within a period of thirty days from the date of publication of the notification in the official Gazette, object, under sub-section (1) of the section 20D of the said Act to the acquisition and use of such land for the aforesaid purpose.

Every such objection shall be made to the competent authority, viz. District Land Acquisition Officer, Ranchi, Jharkhand, in his office located at Collectorate Building, Ranchi– 834001 (Jharkhand) in writing, and shall set out the grounds thereof and competent authority shall give the objector an opportunity of being heard, either in person or by a legal practitioner, and may, after hearing all such objections and after making such further enquiry, if any, as the competent authority thinks necessary, by order, either allow or disallow the objections.

Any order made by the Competent Authority under Sub-Section (2) of section 20D of the said Act shall be final.

The land plans & the other details of the land covered under notification are available and can be inspected by the interested person at the aforesaid office of the competent Authority.

SCHEDULE

Brief description of land to be acquired with or without structures for Special Railway Project "Illoo- Silli Bypass line avoiding Muri Junction (5.9 Km.)" in the District of Ranchi in the State of Jharkhand.

A) Mouza: Jabla, Police Station no: 94, Circle: Silli, District: Ranchi, Jharkhand

| Srl. No. | Khata no. | Khesra no. | Type of Land | Area to be acquired (in acre) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 111 | 530 | Raiyati | 0.0093 |
| 2 | 241 | 531 | River | 0.0250 |
| 3 | 111 | 529 | Raiyati | 0.0065 |
| 4 | 111 | 528 | Raiyati | 0.0122 |
| 5 | 210 | 526 | Raiyati | 0.0145 |
| 6 | 210 | 525 | Raiyati | 0.0076 |
| 7 | 210 | 527 | Raiyati | 0.0077 |
| 8 | 210 | 524 | Raiyati | 0.0203 |
| 9 | 227 | 522 | Raiyati | 0.0001 |
| 10 | 210 | 523 | Raiyati | 0.0396 |
| 11 | 210 | 500 | Raiyati | 0.0135 |
| 12 | 210 | 501 | Raiyati | 0.0176 |
| 13 | 210 | 499 | Raiyati | 0.0205 |
| 14 | 241 | 460 | River | 0.0438 |
| 15 | 210 | 506 | Raiyati | 0.0000 |
| 16 | 189 | 497 | Raiyati | 0.0199 |
| 17 | 189 | 496 | Raiyati | 0.0108 |
| 18 | 190 | 462 | Raiyati | 0.0061 |
| 19 | 190 | 463 | Raiyati | 0.0038 |
| 20 | 193 | 464 | Raiyati | 0.0029 |
| 21 | 197 | 498 | Raiyati | 0.0176 |
| 22 | 185 | 461 | Raiyati | 0.0062 |
| 23 | 225 | 465 | Raiyati | 0.0033 |
| 24 | 215 | 466 | Raiyati | 0.0070 |
| 25 | 197 | 491 | Raiyati | 0.0099 |
| 26 | 189 | 494 | Raiyati | 0.0172 |
| 27 | 215 | 468 | Raiyati | 0.0079 |
| 28 | 197 | 495 | Raiyati | 0.0337 |
| 29 | 190 | 469 | Raiyati | 0.0001 |
| 30 | 184 | 467 | Raiyati | 0.0317 |
| 31 | 193 | 470 | Raiyati | 0.0055 |
| 32 | 227 | 459 | River | 0.0021 |
| 33 | 189 | 457 | Raiyati | 0.0062 |
| 34 | 197 | 458 | Raiyati | 0.0138 |
| 35 | 210 | 456 | Raiyati | 0.0093 |
| 36 | 210 | 454 | Raiyati | 0.0086 |
| 37 | 119 | 455 | Raiyati | 0.0074 |
| 38 | 197 | 453 | Raiyati | 0.0021 |
| 39 | 119 | 451 | Raiyati | 0.0072 |
| 40 | 119 | 450 | Raiyati | 0.0015 |
| 41 | 139 | 445 | Raiyati | 0.0582 |
| Total | | | | 0.5382 |

B) Mouza: Silli-2, Police Station no: 95, Circle: Silli, District: Ranchi, Jharkhand

| Srl. No. | Khata no. | Khesra no. | Type of Land | Area to be acquired (in acre) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 328 | 1985 | Raiyati | 0.0013 |
| 2 | 330 | 1984 | Raiyati | 0.0109 |
| 3 | 330 | 1983 | Raiyati | 0.0006 |
| 4 | 330 | 1987 | Raiyati | 0.0017 |
| 5 | 328 | 1994 | River | 0.0008 |
| 6 | 330 | 1982 | Raiyati | 0.0015 |
| 7 | 328 | 1977 | Raiyati | 0.0041 |
| 8 | 322 | 1938 | Raiyati | 0.0000 |
| 9 | 330 | 1986 | Raiyati | 0.0605 |
| 10 | 309 | 1941 | Raiyati | 0.0003 |
| 11 | 309 | 1978 | Raiyati | 0.0139 |
| 12 | 312 | 1981 | Raiyati | 0.0051 |
| 13 | 308 | 1976 | Raiyati | 0.0110 |
| 14 | 309 | 1979 | Raiyati | 0.0069 |
| 15 | 312 | 1980 | Raiyati | 0.0079 |
| 16 | 309 | 1975 | Raiyati | 0.0078 |
| 17 | 309 | 1974 | Raiyati | 0.0134 |
| 18 | 309 | 1973 | Raiyati | 0.0083 |
| 19 | 309 | 1972 | Raiyati | 0.0063 |
| 20 | 312 | 1963 | Raiyati | 0.0074 |
| 21 | 272 | 1943 | Raiyati | 0.0031 |
| 22 | 312 | 1970 | Raiyati | 0.0106 |
| 23 | 312 | 1971 | Raiyati | 0.0091 |
| 24 | 312 | 1969 | Raiyati | 0.0028 |
| 25 | 312 | 1964 | Raiyati | 0.0068 |
| 26 | 321 | 1460 | Raiyati | 0.0330 |
| 27 | 309 | 1962 | Raiyati | 0.0044 |
| 28 | 289 | 1459 | Raiyati | 0.0307 |
| 29 | 312 | 1965 | Raiyati | 0.0000 |
| 30 | 312 | 1968 | Raiyati | 0.0082 |
| 31 | 328 | 1479 | River | 0.0971 |
| 32 | 285 | 1484 | Raiyati | 0.0019 |
| 33 | 328 | 1789 | Raiyati | 0.0001 |
| 34 | 310 | 1788 | Raiyati | 0.0059 |
| 35 | 316 | 1483 | Raiyati | 0.0075 |
| 36 | 328 | 1480 | Raiyati | 0.0228 |
| 37 | 349 | 1967 | Raiyati | 0.0039 |
| 38 | 285 | 1485 | Raiyati | 0.0171 |
| 39 | 292 | 1543 | Raiyati | 0.0026 |
| 40 | 316 | 1482 | Raiyati | 0.0201 |
| 41 | 320 | 1537 | Raiyati | 0.0068 |
| 42 | 301 | 1547 | Raiyati | 0.0030 |
| 43 | 315 | 1481 | Raiyati | 0.0293 |
| 44 | 297 | 1486 | Raiyati | 0.0180 |
| 45 | 320 | 1538 | Raiyati | 0.0193 |
| 46 | 320 | 1531 | Raiyati | 0.0048 |
| 47 | 285 | 1487 | Raiyati | 0.0085 |
| 48 | 316 | 1489 | Raiyati | 0.0011 |
| 49 | 291 | 1549 | Raiyati | 0.0153 |
| 50 | 320 | 1532 | Raiyati | 0.0039 |
| 51 | 301 | 1561 | Raiyati | 0.0014 |
| 52 | 301 | 1562 | Raiyati | 0.0064 |
| 53 | 301 | 1546 | Raiyati | 0.0415 |
| 54 | 205 | 1564 | Raiyati | 0.0025 |
| 55 | 291 | 1559 | Raiyati | 0.0319 |
| 56 | 116 | 1560 | Raiyati | 0.0026 |
| 57 | 301 | 1563 | Raiyati | 0.0015 |
| 58 | 320 | 1530 | Raiyati | 0.0033 |
| 59 | 302 | 1544 | Raiyati | 0.0290 |
| 60 | 300 | 1787 | Raiyati | 0.0035 |
| 61 | 291 | 1550 | Raiyati | 0.0340 |
| 62 | 317 | 1780 | Raiyati | 0.0427 |
| 63 | 301 | 1545 | Raiyati | 0.0000 |
| 64 | 223 | 1575 | Raiyati | 0.0003 |
| 65 | 291 | 1558 | Raiyati | 0.0190 |
| 66 | 257 | 1110 | Raiyati | 0.0000 |
| 67 | 261 | 1111 | Raiyati | 0.0541 |
| 68 | 249 | 1659 | River | 0.0263 |
| 69 | 326 | 1533 | Raiyati | 0.0349 |
| 70 | 264 | 1135 | Raiyati | 0.0002 |
| 71 | 264 | 1136 | Raiyati | 0.0074 |
| 72 | 258 | 1139 | Raiyati | 0.0038 |
| 73 | 256 | 1141 | Raiyati | 0.0019 |
| 74 | 262 | 1138 | Raiyati | 0.0377 |
| 75 | 262 | 1142 | Raiyati | 0.0164 |
| 76 | 255 | 1137 | Raiyati | 0.0604 |
| 77 | 200 | 1157 | Raiyati | 0.0585 |
| 78 | 196 | 1251 | Raiyati | 0.0009 |
| Total | | | | 1.0895 |

C) Mouza: Rohardag, Police Station no:96, Circle: Silli, District: Ranchi, Jharkhand

| Srl. No. | Khata no. | Khesra no. | Type of Land | Area to be acquired (in acre) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19 | 164 | Raiyati | 0.0036 |
| 2 | 9 | 160 | Raiyati | 0.0046 |
| 3 | 9 | 159 | Raiyati | 0.0031 |
| 4 | 9 | 161 | Raiyati | 0.0049 |
| 5 | 9 | 158 | Raiyati | 0.0047 |
| 6 | 18 | 157 | River | 0.0439 |
| 7 | 9 | 155 | Raiyati | 0.0118 |
| 8 | 9 | 153 | Raiyati | 0.0053 |
| 9 | 18 | 156 | Raiyati | 0.0080 |
| 10 | 9 | 152 | Raiyati | 0.0020 |
| Total | | | | 0.0919 |

D) Mouza: Sundil, Police Station no: 97, Circle: Silli, District: Ranchi, Jharkhand

| Srl. No. | Khata no. | Khesra no. | Type of Land | Area to be acquired (in acre) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23 | 548 | Raiyati | 0.0062 |
| 2 | 23 | 296 | Raiyati | 0.0289 |
| 3 | 4 | 297 | Raiyati | 0.0142 |
| 4 | 12 | 298 | Raiyati | 0.0026 |
| 5 | 5 | 299 | Raiyati | 0.0196 |
| 6 | 16 | 300 | Raiyati | 0.0021 |
| 7 | 16 | 301 | Raiyati | 0.0180 |
| 8 | 16 | 302 | Raiyati | 0.0117 |
| 9 | 16 | 306 | Raiyati | 0.0244 |
| 10 | 16 | 303 | Raiyati | 0.0154 |
| 11 | 16 | 305 | Raiyati | 0.0066 |
| 12 | 12 | 304 | Raiyati | 0.0059 |
| 13 | 10 | 330 | Raiyati | 0.0087 |
| 14 | 13 | 331 | River | 0.0001 |
| 15 | 10 | 333 | Raiyati | 0.0170 |
| 16 | 13 | 332 | Raiyati | 0.0089 |
| 17 | 5 | 338 | Raiyati | 0.0039 |
| 18 | 8 | 336 | Raiyati | 0.0072 |
| 19 | 10 | 350 | Raiyati | 0.0029 |
| 20 | 10 | 349 | Raiyati | 0.0022 |
| 21 | 10 | 348 | Raiyati | 0.0007 |
| 22 | 10 | 347 | Raiyati | 0.0000 |
| 23 | 5 | 337 | Raiyati | 0.0295 |
| 24 | 10 | 351 | Raiyati | 0.0055 |
| 25 | 10 | 352 | Raiyati | 0.0000 |
| 26 | 4 | 368 | Raiyati | 0.0002 |
| 27 | 10 | 367 | Raiyati | 0.0139 |
| 28 | 10 | 353 | Raiyati | 0.0174 |
| 29 | 10 | 364 | Raiyati | 0.0003 |
| 30 | 10 | 365 | Raiyati | 0.0061 |
| 31 | 10 | 366 | Raiyati | 0.0067 |
| 32 | 22 | 363 | Raiyati | 0.0000 |
| 33 | 17 | 362 | Raiyati | 0.0058 |
| 34 | 19 | 356 | Raiyati | 0.0300 |
| 35 | 17 | 361 | Raiyati | 0.0003 |
| 36 | 19 | 358 | Raiyati | 0.0209 |
| 37 | 19 | 357 | Raiyati | 0.0132 |
| 38 | 16 | 30 | Raiyati | 0.0667 |
| 39 | 10 | 31 | Raiyati | 0.0099 |
| 40 | 12 | 32 | Raiyati | 0.0167 |
| 41 | 7 | 11 | Raiyati | 0.0011 |
| 42 | 12 | 28 | Raiyati | 0.0164 |
| 43 | 10 | 26 | Raiyati | 0.0120 |
| 44 | 7 | 12 | Raiyati | 0.0008 |
| 45 | 10 | 27 | Raiyati | 0.0102 |
| 46 | 7 | 10 | Raiyati | 0.0314 |
| 47 | 7 | 7 | Raiyati | 0.0328 |
| 48 | 8 | 6 | Raiyati | 0.0052 |
| 49 | 8 | 8 | Raiyati | 0.0218 |
| 50 | 8 | 5 | Raiyati | 0.0671 |
| 51 | 8 | 4 | Raiyati | 0.0270 |
| 52 | 5 | 2 | Raiyati | 0.0279 |
| 53 | 21 | 3 | River | 0.0242 |
| Total | | | | 0.7282 |

E) Mouza: Hahelupung, Police Station no. 99, Circle: Silli, District: Ranchi, Jharkhand

| Srl. No. | Khata no. | Khesra no. | Type of Land | Area to be acquired (in acre) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 89 | 487 | Raiyati | 0.0040 |
| 2 | 151 | 150 | Raiyati | 0.0023 |
| 3 | 64 | 146 | Raiyati | 0.0047 |
| 4 | 89 | 438 | Raiyati | 0.0303 |
| 5 | 89 | 152 | Raiyati | 0.0131 |
| 6 | 155 | 435 | Raiyati | 0.0215 |
| 7 | 152 | 445 | Raiyati | 0.0008 |
| 8 | 156 | 149 | Raiyati | 0.0190 |
| 9 | 151 | 565 | Raiyati | 0.0015 |
| 10 | 156 | 147 | Raiyati | 0.0147 |
| 11 | 89 | 437 | Raiyati | 0.0880 |
| 12 | 64 | 137 | Raiyati | 0.0075 |
| 13 | 86 | 138 | Raiyati | 0.0119 |
| 14 | 86 | 145 | Raiyati | 0.0154 |
| 15 | 5 | 121 | Raiyati | 0.0137 |
| 16 | 169 | 26 | Raiyati | 0.0126 |
| 17 | 87 | 143 | Raiyati | 0.0008 |
| 18 | 87 | 144 | Raiyati | 0.0004 |
| 19 | 92 | 34 | Raiyati | 0.0094 |
| 20 | 173 | 28 | Raiyati | 0.0121 |
| 21 | 21 | 29 | Raiyati | 0.0178 |
| 22 | 15 | 32 | Raiyati | 0.0091 |
| 23 | 30 | 142 | Raiyati | 0.0231 |
| 24 | 158 | 25 | Raiyati | 0.0071 |
| 25 | 183 | 33 | Road | 0.0010 |
| Total | | | | 0.3418 |

F) Mouza: Lupung, Police Station no: 75, Circle: Silli, District: Ranchi, Jharkhand

| Srl. No. | Khata no. | Khesra no. | Type of Land | Area to be acquired (in acre) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 42 | 484 | Raiyati | 0.0029 |
| 2 | 8 | 359 | Raiyati | 0.0029 |
| 3 | 8 | 360 | Raiyati | 0.0055 |
| 4 | 86 | 493 | Raiyati | 0.0075 |
| 5 | 44 | 491 | Raiyati | 0.0076 |
| 6 | 8 | 362 | Raiyati | 0.0024 |
| 7 | 8 | 358 | Raiyati | 0.0045 |
| 8 | 8 | 357 | Raiyati | 0.0105 |
| 9 | 25 | 483 | Raiyati | 0.0023 |
| 10 | 61 | 349 | Raiyati | 0.0000 |
| 11 | 8 | 356 | Raiyati | 0.0053 |
| 12 | 13 | 485 | Raiyati | 0.0031 |
| 13 | 85 | 448 | Road | 0.0014 |
| 14 | 94 | 380 | Road | 0.0023 |
| Total | | | | 0.0582 |

[File No: SER/CON-Orgn./HQ/Land/DCE/C/RNC/Illoo-Silli Bypass line/SRP/3]

(RAJEEV SHRIVASTAVA)
Chief Administrative officer(Con)/SER

PR 350354 Land Reforms(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
08


## वाहन जांच अभियान में पंद्रह बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर मंगलवार को सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही लगातार वाहन जांच होने के कारण मोटरसाइकिल चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसे पगडंडी के रास्ते से बाइक लेकर चालक वाहन लेकर भाग रहे थे। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र में बढ़ते सड़क दुर्घटना का रोक थाम के लिये और नशा में वाहन चलाने को रोकने के उद्देश्य से वाहन जांच किया गया। वही बिना हेल्मेट का मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वाहन जांच यातायात प्रभारी शिवशंकर मार्डी के नेतृत्व में पुलिस जवानों के सहयोग से वाहन जांच किया गया। जांच के क्रम में वाहन का डिक्की, बैग, थैला को खुलवाकर देखा गया। वाहन से संबंधित सभी आवश्यक कागजातों और हेलमेट का जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट और बिना कागजात का गाड़ी चलाते हुए 15 वाहन चालकों का मोटरसाइकिल को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कार्रवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। मौके पर यातायात प्रभारी शिवशंकर मार्डी, एसआइ सुशील कुमार सिंह, एएसआइ संजय भगत सहायक पुलिस बल के साथ मौजूद थे।



# छत्तीसगढ़ के दो माओवादियों ने एसपी के सामने किया आत्मसमर्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** भाकपा माओवादी संगठन के दो नक्सलियों ने मंगलवार को लातेहार एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ के कमांडेंट यादराम बुनकर के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला के रहने वाले नक्सली अमरजीत बिरजिया और मिथलेश कोरवा शामिल है।

एसपी कुमार गौरव और कमांडेंट ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं एसपी ने क्षेत्र में सक्रिय अन्य नक्सलियों को चेतावनी भी दी कि नक्सली अपने हथियार पुलिस के आगे डाल दें या नहीं तो जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।




दरअसल, छत्तीसगढ़ के रहने वाले दो नक्सली अमरजीत बिरजिया और मिथलेश कोरवा लातेहार के छिपादोहर थाना क्षेत्र में सक्रिय थे। दोनों नक्सली कमांडर छोटू खरवार के दस्ते के प्रमुख सदस्य थे। इनके खिलाफ थाना में मामला भी दर्ज था। पुलिस के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे लगातार अभियान से नक्सलियों का संगठन भी काफी कमजोर हो गया। पुलिस की लगातार बढ़ रही दबिश को देखते हुए दोनों नक्सलियों ने आत्मसमर्पण करने की योजना बनायी। झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर दोनों नक्सलियों ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। लातेहार एसपी कार्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में दोनों नक्सलियों को एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ कमांडेंट यादराम बुनकर ने माला पहनाकर स्वागत किया। नक्सलियों के

### आत्मसमर्पण कर विकास में सहयोग करें : एसपी

लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि सरकार आत्मसमर्पण नीति 'नयी दिशा' के तहत दोनों नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस के लगातार दबाव से का भी परिणाम है कि नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। एसपी ने अन्य नक्सलियों से कहा कि आत्मसमर्पण कर विकास में सहयोग करे। वरना पुलिस अभियान में गोली के शिकार होंगे।

आत्मसमर्पण समारोह में डीएसपी भरत राम, थाना प्रभारी धीरज कुमार सुमित अन्य अधिकारियों ने भी नक्सलियों का स्वागत किया।

## जनशिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा पुलिस की ओर से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के अंतर्गत 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमां द्वारा लोहरदगा जिला के आम नागरिकों से अपील की गयी है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर 9470546635 पर या ई-मेल आइडी पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या/ शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत/समस्या पर लोहरदगा जिला के प्रखंड कार्यालय एवं थाना/ ओपी/ शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम नागरिकों के शिकायत/ समस्या का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भाग लेकर आम नागरिकों के समस्याओं का निष्पादन करेंगें। बताया गया कि लोहरदगा जिला में किसी गांव-मोहल्ला अन्य जगह में कहीं किसी प्रकार की समस्या य शिकायत है तो कोई भी नागरिक इस शिविर में आकर अपनी समस्या या शिकायत का समाधान करा सकते हैं।

## अब रानी की कोख से नहीं बल्कि मतदान की पेटी से राजा का जन्म होगा : निश्चय वर्मा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय समिति के आम चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद एवं राष्ट्रीय महामंत्री शीतल सिंह को युवा प्रदेश अध्यक्ष निश्चय वर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि अब रानी के कोख से राजा जन्म नहीं लेगा बल्कि मतदान पेटी के गर्भ से राजा पैदा होगा। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण औरंगाबाद में हुए राष्ट्रीय समिति का आम चुनाव है तो फिर अपने आप को राष्ट्रीय अध्यक्ष बताने वाले डॉक्टर प्रेम कुमार और डॉक्टर ईश्वर सागर किस लोक के भ्रमण में थे, कि इस मृत्यु लोक में जो हो रहा था इन्हें पता नहीं था। जब इन्हें लगा कि चुनाव जीतकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बन पाना उनके बूते का नहीं है तब इन्होंने चुनाव के बाद अपने अंध भक्तों के द्वारा अनर्गल बयान बाजी कराना प्रारंभ कर दिया। दो संपन्न व्यक्ति एक बिहार सरकार के मंत्री दूसरा झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के बेटा इतना असहाय हो गया है कि उसके संगठन का खुलेआम चुनाव दूसरे लोग कर रहे हैं और दोनों बैठ कर आंसू बहा रहे हैं। जिसको यह पता नहीं कि हमारा संगठन का नाम क्या है संगठन का रजिस्ट्रेशन नंबर क्या है। हिमालय का निर्णय, रजिस्टर का निर्णय आम जनता का फैसला सब कुछ सामने आ गया। उसके बावजूद पेपर का हैंडबील छपा कर बता रहा है कि हम ही राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

## जिप अध्यक्ष ने स्वास्थ्य जांच शिविर और ब्लड डोनेशन कैंप लगाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में हुई। बैठक में जनवरी माह में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी और निर्देश दिये गये। बैठक में सभी प्रखंडों में जल-नल योजना के वर्तमान स्थिति की जानकारी जिला परिषद सदस्यों द्वारा दी गयी। नंदिनी जलाशय से जलापूर्ति नहीं होने पर चर्चा की गयी। पंचायतवार स्वास्थ्य जांच शिविर और ब्लड डोनेशन कैंप लगाये जाने का निर्देश दिया गया। पेशरार में ओनेगड़ा में अधूरे ब्रिज निर्माण, भंडरा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल उपलब्ध कराने, भैसमुंदो में सड़क चौड़ीकरण में मुआवजा संबंधी, ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को जल्द फसल बीमा योजना का लाभ दिये जाने, किस्को प्रखंड में बालाटोली पुल मरम्मति, बिजली के तारों को निर्धारित उंचाई पर स्थापित करने, दुर्घटना संबंधित क्षेत्र में घुमावदार सड़क के पास मिरर लगवाने, सदर अस्पताल में ओपीडी में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधित अन्य बिंदुओं पर सदस्यों द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिस पर पदाधिकारियों को जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिया गया। किस्को प्रखंड में पुस्तकालय में बच्चों को पठन-पाठन के लिए काउंसिलिंग का निर्देश दिया गया। कुडू प्रखंड में विधि-व्यवस्था और हाथियों के द्वारा समय-समय पर नुकसान पहुंचाने को लेकर सीसीटीवी अधिष्ठापन हेतु विशेष निर्णय लिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रखंड प्रमुख और सदस्यगण उपस्थित थे।



## जन शिकायत निवारण में 21 आवेदन मिले

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जांच कर जल्द समाधान किया जायेगा। बरियातू प्रखंड के निवासी सागर कुमार ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ प्रदान करने की मांग रखी। जन शिकायत निवारण में कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान, सुखाड़ की राशि भुगतान, आबुआ आवास आदि से संबधित आवेदन आये।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा दुरुस्त करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत किये जा रहें कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता योजनाओं का निरंतर देख-रेख करना सुनिश्चित करें एवं किसी भी जालमीनार के खराब होने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित गति से ठीक करना सुनिश्चित करेंगें। जिससे कि गर्मी के मौसम में आम ग्रामीणों को पेयजल हेतु कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत पूर्ण किय गये योजनओं के संबंध में प्रखंडवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित



दिशा निर्देश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए सभी सहायक अभियंता/ कनीय अभियंता/ वाश प्रखंड समन्वयक/ जिला समन्वयक को निर्देश दिया गया कि मॉडल ग्राम की संख्या की वृद्धि के संबंध में सभी इकाईयों का ध्यान रखते हुए ससमय मॉडल ग्राम घोषित करना सुनिश्चित करेंगें साथ ही निदेशित किया गया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण 2 के तहत सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय एवं ठोस तरल प्रबंधन हेतु निर्मित ईकाइयों का हर माह उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे।

## मेगा हेल्थ कैंप में 163 मरीजों का हुआ इलाज



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से रांची के सुप्रसिद्ध नस हड्डी एवं जोड़ रोग के विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ विजय प्रसाद, एमडी फिजिशियन डॉक्टर एसएस मुंडा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एसके गुप्ता, जनरल फिजिशियन डॉक्टर डीके खेस, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पीपी सिन्हा के द्वारा कुल 163 रोगियों का इलाज किया गया। जिसमें नेत्र रोग के 53, हड्डी जोड़ और नस के 39 दंत रोग के 3, बुखार कमजोरी सर्दी खांसी आदि सामान्य रोगों के 68 मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही नि:शुल्क 12 रोगियों का एक्स-रे, 2 मरीजों का इसीजी साथ ही लैब में 29 मरीजों का 68 पैथोलाजिकल जांच किया गया। अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक एवं फार्मासिस्ट वरुण सिंह लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, लक्ष्मी साहू रिसेप्शनिस्ट अरुण राम, जमुना देवी, मुकेश साहू, जीएनएम अनीता केरकेटटा, एएनएम अंशु कुमारी, सावित्री तिर्की, प्रीति तिर्की सहित कई अस्पताल कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा। इस मेगा कैंप में लगभग चार जिला के 58 गांव के 163 मरीजों ने अस्पताल में उपलब्ध निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाया।

## पानी निकासी की व्यवस्था नहीं, जल जमाव बनी समस्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में नाली एवं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मंगलवार को हुई तेज बारिश के बाद जलजमाव की हो गयी। इससे सड़क पर चल रहे राहगीरो को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. बैंक ऑफ इंडिया मुख्य सड़क के 3 फिट उपर तक पानी में लोगों को सड़क पार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राहगीरों के साथ-साथ वाहनों के चलने से जलजमाव का पानी लोगों के दुकानों में भी घुस गया। दुकानों में पानी घुसने से कई दुकानों का सामान बर्बाद हुआ, इससे दुकानदारों को हमेशा ही नुकसान उठाना पड़ता है। जलजमाव से नाराज ग्रामीणों और दुकानदारों ने कहा कि जलजमाव की समस्या बहुत पुरानी है। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों को कई बार कहा गया है। इसके बाद भी समस्या से निजात नहीं मिला है। जब जब बारिश होती है मुख्य सड़क में जल जमा हो जाती है जिससे वाहन चलाने वाले एवं पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी कठिनाई झेलनी पड़ती है।

## बालूमाथ में सीसीएल ने स्कूली बच्चों के लिए दो बसें दी

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बीते कई वर्षों से विस्थापित प्रभावित बेरोजगार समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव के द्वारा विस्थापितों, प्रभावितों के लिए वर्षों से स्कूल बस की मांग कर रहे थे, जिसे सीसीएल प्रबंधन ने मान कर स्कूली बच्चों के लिए 2 बस की व्यवस्था की जिसमें एक बस तेतरियाखाड़ से नगड़ा होते हुए बालूमाथ हाइ स्कूल तक आयेगी एवं दूसरी बस पिंडारकोम से हाइ स्कूल तक आयेगी। बस की व्यवस्था होने से स्कूली बच्चों को काफी सहयोग मिलेगा और बच्चे आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। बस शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल दिखा। साथ ही ग्रामीणों ने विस्थापित प्रभावित बेरोजगार समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव को आभार व्यक्त किय। मौके पर श्री यादव ने बस को हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुसलमानों ने जताया आक्रोश

### इस कानून को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे : अब्दुल रउफ अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रही है और इस कानून को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसके लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। जामा मस्जिद लोहरदगा के इमाम मौलाना समीम रिजवी ने कहा कि जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाता, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में इस कानून को समर्थन नहीं दिया जायेगा। कहा कि यह बिल हमारे समाज के अधिकारों को निगलने की नापाक इरादों से केंद्र सरकार लागू किया है, जिसे कभी भी समर्थन नहीं किया जायेगा। सेक्रेटरी शाहिद अहमद उर्फ बेलू ने कहा कि वक्फ संसोधन बिल को केंद्र सरकार जब-तक वापस नहीं ले लेती है तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। विरोध प्रदर्शन जारी रखने और कानून वापस होने तक आंदोलन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर अब्दुल रउफ अंसारी, मौलाना समीम रिजवी, शाहिद अहमद उर्फ बेलू, सेक्रेटरी, हाजी शकील अहमद, अल्ताफ कुरेशी, अनवर अंसारी, फारूक कुरैशी समेत बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।



## मानसिक तनाव में आकर किसान ने की आत्महत्या

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मानसिक तनाव के कारण सोमवार देर रात सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही चटकपुर निवासी स्वर्गीय शंकर महतो का 20 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार ने आत्महत्या कर लिया। अपने ही खपरैल घर में बांस का बरेंडी में फंदा बना कर सुजीत ने आत्महत्या कर लिया। परिवार वालों ने बताया कि मंगलवार को ईख जूस बेच कर 4 बजे लगभग घर पहुंचा और मां एवं बहन के साथ अच्छे से बातचीत किया। उसके बाद रात्रि करीब 8 बजे सभी ने भोजन कर अपने अपने कमरे में सोने चले गये। वही मृतक का बड़े भाई अजित महतो ने बताया कि हमलोग बेदाल में रह कर जीविकोपार्जन चलाते हैं। मां और बहन के साथ छोटा भाई चटकपुर में रहता था। सुजीत दो चार दिन से काफी मानसिक तनाव में रह रहा था। सोमवार रात को आत्महत्या घटना को अंजाम दे बैठा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपदा के कहर से गरीब किसान का फसल काफी नुकसान हो गया था। जिससे कर्ज का बोझ बढ़ने के कारण किसान सुजीत महतो तनाव में रह रहा था। फसल का नुकसान होने के कारण घर का आर्थिक बोझ काफी बढ़ गया था। घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज अग्रतर कारवाई में जुटी गयी है।

## विधिक साक्षरता कार्यक्रम में बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में मंगलवार को विधिक साक्षरता और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मां दमयंती देवी सेंचुरी फॉर एजुकेशनल नर्चर में एक विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के डिप्टी चीफ नारायण साहू एवं पीएलवी निशा कुमारी उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों का विद्यालय की ओर से डायरेक्टर सुदीप सेन, डायरेक्टर राजेश कुमार अग्रवाल और प्रिंसिपल मनोज पांडे ने बुके भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नारायण साहू ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बाल श्रम, बाल विवाह, नशा उन्मूलन जैसी सामाजिक बुराइयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि समाज में इन कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार निरंतर कार्यरत है और जरूरतमंदों को न्यायालय में निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से आम लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी दी जाती है और आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित वकीलों की सेवाएं भी निशुल्क रूप से प्रदान की जाती हैं। पीएलवी निशा कुमारी ने साइबर क्राइम और पॉक्सो एक्ट जैसे संवेदनशील विषयों पर छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम पोस्को एक्ट की बारीकियों को सरल भाषा में समझाया, जिससे छात्र अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों को लेकर अधिक सजग हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई बच्चा या उनके जानने वाले किसी प्रकार के शोषण या अपराध का शिकार होते हैं, तो वे निःसंकोच विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करें। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना है। कानूनी जागरूकता जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की सोच को व्यापक बनाते हैं और उन्हें समाज की वास्तविकताओं से जोड़ते हैं।




## लोहरदगा नगरपालिका मौजा में वैशाखी सरहुल मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मंगलवार को लोहरदगा जिला नगरपालिका मौजा के सात कोड़ा पड़हा, बरवाटोली कोटवार, जयनाथपुर, थाना टोली, गढ़ा टोली, मधुवन टोली, सरना टोली में वैशाखी सरहुल त्योहार मनाया गया। सरहुल पर्व की अगुवाई स्थानीय पहानों महतो और पूजार के द्वारा आदिवासी संस्कृतिक वेषभूषा रीति-रिवाजों वाद्ययंत्र बजाना गाजा के साथ लोहरदगा एमजी रोड झखरा कुम्बा सरना स्थल में प्राकृतिक महापर्व का खद्दी पूजा पाठ किया गया। झखरा कुम्बा सरना स्थल में आठ पहानों भूषण पहान मधुवन टोली, रूपेश उरांव जयनाथपुर, नंदु उरांव थाना टोली, मनमत भगत ने गड्डा टोली, जगरनाथ नायक बरवाटोली कोटवार, अगनु मुंडा कोड़ा पड़हा और अनिल उरांव जयनाथपुर के पहानों ने संयुक्त रूप से धरती मां, आकाश सूरज, चांद सितारे और प्राकृति में गुजर बसर करने वाले जीव जंतु, पेड़ पौधा, प्राणी और मनुष्यों के लिए सुख समृद्धि धन दौलत, सुख शांति की गुहार लगाकर प्रार्थना सभा किया गया और फिर अपने अपने नगर क्षेत्रों टोला मोहल्ला में सरहुल पर्व आनंद के साथ मिल जुलकर मनाया गया। इस पूजा पद्धति का संचालक नगरपालिका मौजा रवि नारायण महली, सचिव मनीष मुंडा, संतोष उरांव अध्यक्षा, ज्ञान मुंडा, विजय मुंडा और संतोष मुंडा का विशेष योगदान है। उपस्थित सरना स्थल पर प्राकृति पूजक भाई बन्धु बहिन युवा युवतियों पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल त्यौहार के दौरान वे साल के पेड़ की पूजा करते हैं। साल का पेड़ उन्हें आश्रय प्रदान करता है, मौसम से बचाता है और जलाउ लकड़ी प्रदान करता है, इसलिए आदिवासी इसकी पूजा करते हैं। मौके पर मनीष मुंडा ने कहा कि सरहुल उरांव नामक आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार है। यह त्योहार कृषि आरंभ करने का त्योहार है। इस त्योहार को 'सरना' के सम्मान में मनाया जाता है। सरना वह पवित्र कुंज है, जिसमें कुछ शालवृक्ष होते हैं।



## दिल्ली से मजदूरी कर घर लौट रहे मजदूर की सड़क हादसे में मौत


मृतक प्रवेश भुइंया की फाइल फोटो

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत बलरा गांव निवासी स्वर्गीय बिगन भुइंया के 50 वर्षीय पुत्र प्रवेश भुइंया 13 अप्रैल को दिल्ली से मजदूरी कर घर लौटने के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गयी। यह घटना बिहार के औरंगाबाद जिले के अंतर्गत भैरवपुर के समीप एनएच 139 औरंगाबाद और मेदिनीनगर मुख्य पथ पर घटी है। इस संबंध में बलरा गांव के ग्रामीण बृजमल पासवान सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि प्रवेश भुइंया दिल्ली में मजदूरी करने गया था और कई महीने के बाद घर लौट रहा था। वह औरंगाबाद से ऑटो रिक्शा पकड़ कर घर आने के दौरान भैरवपुर गांव के समीप एक अज्ञात वाहन के धक्के से ऑटो रिक्शा पलट गयी। इस हादसे में प्रवेश भुइंया गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे औरंगाबाद सदर अस्पताल से रेफर के बाद जमुहार अस्पताल (बिहार) के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## लोकपाल ने की मनरेगा योजनाओं की जांच, मृत व्यक्ति के नाम पर निकासी मामले में होगी कार्रवाई

लोकपाल शंकर कुमार गुप्ता ने बताया कि जांच करने पहुंचे तो एक ही गांव में तीन सोहमतीय देवी के रूप में नाम पाये गये, जिसमें दो मृत पाये गये और एक जीवित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू(पलामू)।** जिले के मनातू प्रखंड के नौवडीहा पंचायत में मनरेगा योजना में गड़बड़ी किये जाने की शिकायत पर लोकपाल मंगलवार को जांच करने पहुंचे। नौवडीहा पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर योजनाओं की जांच की। जांच के बाद लोकपाल शंकर कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्य में कुछ फर्जी निकासी के मामले में अखबार के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुआ था। जांच करने पहुंचे तो एक ही गांव में तीन सोहमतीय देवी हैं, जिसमें दो मृत पाये गये और एक जीवित है। दोनों मृत की दिनांक के बारे में स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, ना ही मृत्यु प्रमाण पत्र दिखाया गया और ना ही स्पष्ट डेट बताया जा रहा है। निकासी मामले में अभिलेख देखने के बाद ही सच्चाई पता चल पायेगा। सभी योजना धरातल पर पाया गया थोड़ा गुणवत्ता की कमी पायी गयी है जिसे सुधार हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अलावा जो भी दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी मृत व्यक्ति के नाम पर निकासी की सच पाये जाने पर विधि संवत कार्रवाई की जायेगी। मौके पर मुखिया बंधू भुईया, मनातू बीपीओ रणधीर प्रकाश, रोजगार सेवक संजय गुप्ता, बीएफटी दाउद अहमद, ईश्वरी महतो मौजूद थे।

## भीमराव अंबेडकर जयंती के दूसरे दिन स्थापित प्रतिमा की चोरी, सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना के खराड़पर गांव के पास बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा उनकी जयंती के दूसरे दिन ही चोरी हो गयी। असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को उखाड़ कर ले गये। इसके बाद मंगलवार को आक्रोशित लोगों ने जपला-छतरपुर मुख्य सड़क को जामकर प्रदर्शन किया। जिसके कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति रही। प्रदर्शनकारियों ने हुसैनाबाद सीओ के सामने मांग रखी कि पहले प्रशासन यह साफ करें कि जिस जगह पर प्रतिमा स्थापित थी वो जगह किसकी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक प्रशासन उनकी मांगे नहीं मानता नहीं है, तब तक प्रदर्शन होता रहेगा। हालांकि हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, बीडीओ सुनील वर्मा प्रदर्शन कर रहे लोगों से वार्ता कर जाम हटवाया। इस मामले पर बसपा नेता अजय भारती और मनदीप राम ने बताया कि यह घटना सोची समझी साजिश का नतीजा है। इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। दोषी लोगों का पता लगाया जा रहा है और जल्द ही पता लगा कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।


जाम स्थल पर बैठे ग्रामीण से वार्ता करते सीओ।

जानकारी के अनुसार भीमराव अंबेडकर की जयंती के दिन मूर्ति स्थापित करने के दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने प्रतिमा को लेकर विवाद किया था। विवाद की सूचना पर प्रशासन घटनास्थल पहुंचा और मामले को शांत कराया, लेकिन उसी रात डॉ अंबेडकर मूर्ति गायब हो गयी। प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग है कि डॉ अंबेडकर की प्रतिमा चुराने वालों को बिना देरी किये पुलिस गिरफ्तार करें और जिला प्रशासन फौरन आंबेडकर प्रतिमा को उसी स्थान पर स्थापित करायें।

## पलामू एक्सप्रेस का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव का समय बदला, लोगों ने जताया आभार

पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आगमन रात 10:05 बजे और प्रस्थान 10:10 बजे होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का बरकाकाना से पटना वाया डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:05 में आगमन एवं 10:10 में होगी प्रस्थान। विदित है कि उक्त ट्रेन का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पूर्व में रात्रि 12:30 बजे आगमन एवं 12:35 में प्रस्थान होने से विशेष कर पलामू संसदीय



क्षेत्र की जनता को पटना के लिए आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त मामले को सांसद विष्णु दयाल राम ने लगातार मंडल संसदीय बैठकों एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर और व्यक्तिगत रूप से मिलकर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का समय सारणी में परिवर्तन करने का अनुरोध किया था। आज उक्त ट्रेन के समय सारणी में परिवर्तन करने हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

उक्त ट्रेन के समय सारणी में परिवर्तन करने की मांग यहां की जनता के द्वारा लगातार की जा रही थी। अब पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को डालटनगंज से पटना की आवागमन सुगम होगी।

इसके लिए सांसद ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

## आज से मोहन सिनेमा हॉल की वर्षों बाद बजेगी घंटी : आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया वर्षों बाद 16 अप्रैल से मोहन सिनेमा हॉल की एक बार फिर बजेगी घंटी। श्री शंकर ने बताया मुझे आज खुशी है जहां मेरे पिता ने मोहन सिनेमा हॉल का संचालन 1940 से प्रारंभ किया वहीं उनकी दूसरी पीढ़ी में और मेरे भाई द्वारा 89 में एक बार फिर नए एवं अत्याधुनिक सिनेमा हॉल बनाकर शहर के सिनेमा प्रेमियों को समर्पित किया और अब हम सबों की तीसरी पीढ़ी समय के बढ़ते रफ्तार एवं आधुनिकता के साथ बड़े शहरों की तर्ज पर दो मल्टीप्लेक्स स्क्रीन सिनेमा प्रेमियों



को समर्पित की जा रही है। चेंबर अध्यक्ष ने बताया मोहन सिनेमा सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि उसकी पहली घंटी से कई छोटे-छोटे व्यवसाई चाय वाले,पान वाले बादाम वाले अपने व्यवसाय में जुड़ जाते और रात को अंतिम घंटी के बाद अपने-अपने घर लौट जाते थे। श्री शंकर ने कहा कि मुझे खुशी है कि कल जहां मेरे मल्टीप्लेक्स हेरिटेज स्क्वायर की पहली घंटी बजेगी वही कई मध्य एवं छोटे-छोटे व्यवसाईयों के ठेले खोमचे में भी भीड़ नजर आने लगेगी। आज से हम शहर वासी भी कह पाएंगे अपने रिश्तेदारों को की आइए हमारे शहर में हमारे यहां भी अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स है। श्री शंकर ने बताया इस मल्टीप्लेक्स को खुलवाने के पीछे प्रथम महापौर अरुणा शंकर का बहुत बड़ी चाहत थी क्योंकि वह हमेशा बोलती थी जब भी मैं कहीं जाती हूं महिलाएं और युवा हमेशा मुझसे मल्टीप्लेक्स की मांग करते जो सपना आज पूरा हो रहा।

## हुसैनाबाद थाना में पदस्थापित चौकीदार रामदेव दुसाध का निधन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकना डेरा गांव निवासी सह चौकीदार राजदेव दुसाध (57) वर्ष का इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक रामदेव दुसाध चौकीदार हुसैनाबाद थाना में पदस्थापित थे। मौके पर अनुमंडलीय चौकीदार संघ के अध्यक्ष सैयद मोहमद हुसैन ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि बीते कुछ दिनों पहले उनको हार्ड अटैक आया था, जिसके बाद रांची में इलाज कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। इसमें थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पूर्व मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी रविंद्र पासवान,


रामदेव दुसाध की फाइल फोटो।

बृजदेव राम,पूर्व मुखिया संतोष कुमार चौधरी, ललन पासवान, ददन पासवान, विनोद पासवान, शिवनाथ पासवान, रोजगार सेवक अजय पासवान, अखिलेश पासवान, प्रदीप, रंजन, चंध्रन राम, श्री बैठा, ननक पासवान, राजेश, रवी सुदेश्वर, अरविंद, असरेश पासवान सहित ग्रामीणों ने शोक जताया है।

### ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल ने पनशाला का किया उद्घाटन

## प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर (पलामू)।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर चैनपुर नेउरा स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल द्वारा पंशाला का उद्घाटन किया गया। पंशाला का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा। अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार तथा विद्यालय की निदेशक गजाला अहसन रूबी द्वारा राहगीरो को अल्प आहार एवं पानी पिलाकर किया गया। मौके पर मौजूद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की तरह



मान्यता प्राप्त विद्यालयों को भी पंशाला खोलकर इस तपिश गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया जाना चाहिए। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कोई नहीं रहेगा प्यासा अगर हर जगह खुलती है पंशाला। साथ ही प्राचार्य पूनम राज ने कहा कि पानी का मटका लगाया गया है, इससे ग्रामवासियों के साथ राहगीरों की भी प्यास बुझाने में मदद मिल सकती है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्या पूनम राज, इंतेयाज सर, सुशील कुमार, अखिलेश कुमार, रितेश कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में बहुविषयक शिक्षा और करियर के अवसर विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर(पलामू)।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल महाविद्यालय में बहु विषयक शिक्षा और करियर के अवसर एक साथ कई विषय पढ़ने की सुविधा, विभिन्न करियर विकल्पों के लिए इसकी उपयोगिता विषय पर ऑनलाइन नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया।

इस वेबिनार के मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अभिनव मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत बहु विषयक अध्ययन की अवधारणा को विस्तार से समझाया और बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी अब एक साथ विज्ञान,कला, वाणिज्य आदि विषयों का अध्ययन कर विभिन्न क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

कॉलेज के सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल ने अपने कहा कि वर्तमान समय की शिक्षा प्रणाली को लचीला बनाते हुए विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा प्रदान करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में न केवल ज्ञान की व्यापकता आयेगी, बल्कि वे अपने रुचि के अनुसार बेहतर करियर विकल्पों का चुनाव भी कर सकेंगे।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के अकादमिक और व्यावसायिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने वेबिनार के मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहु विषयक शिक्षा भविष्य की नींव है और कॉलेज इसके क्रियान्वयन को लेकर प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में देश भर से अन्य विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के शिक्षक,कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। वेबिनार में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया तथा 100 से अधिक प्रतिभागी ऑनलाइन रूप से उपस्थित रहे।

## समाजसेवी ने डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाने के लिए किया प्रेरित



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज /पलामू।** डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर पिपरा प्रखंड क्षेत्र के दलपतपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रभु यादव सहित कई समाजसेवियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित समारोह में शामिल हो कर डॉ अम्बेडकर की विचारों से लोगों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान समाजसेवियों ने लभरा, भीतिहा, बभंडी, सकलदीपा, सोभिचक और सरैया गांव में जयंती समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि व्यक्ति को दास बनाकर उसे गुलाम बनाकर, कई बादशाह बने हैं। लेकिन व्यक्ति को सदियों की गुलामी से मुक्त कराकर जिसने इंसान बनाया हो, जिन्होंने इंसान का दर्जा दिलाया हो। ऐसे भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने देश का संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने गरीब, दलित और महिलाओं को उनके अधिकारों से सजग करवाया। समाज की उन कुरीतियों को जड़ से मिटा दिया, जो समाज के लिए हानिकारक बनी हुई थी। इस मौके पर दिलीप राम, विजय यादव, संजय यादव, दूधेश्वर यादव, नंदू राम, मुन्ना यादव, मनोज राम,सरोज राम, अजय यादव आदि शामिल थे।

## गुरुकुलम स्कूल में मनायी गयी भीमराव अंबेडकर जयंती, शिक्षकों ने माल्यार्पण कर दी पुष्पांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर शास्त्री नगर गुरहा स्थित स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम विद्यालय में प्रधानाध्यापक डॉ मोबीनुदीन कुरैशी व निदेशक जफर कुरैशी ने सभी छात्र-छात्राओं के साथ संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। इस विशेष अवसर पर बाबा साहब का तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए स्कूल के निदेशक जफर कुरैशी ने कहा कि डॉ अंबेडकर केवल व्यक्ति नहीं बल्की समाज में परिवर्तन की अलख जगाने वाले एक विचारधारा है। उनका जीवन संघर्ष शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने डॉ अंबेडकर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने बॉम्बे विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री प्राप्त की और आगे की पढ़ाई कोलंबिया विश्वविद्यालय एवं लंदन स्कूल से इकनॉमिक्स से पूरा किया। डॉ अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान सभा का प्रमुख स्तंभ रहे बल्कि स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में भी उन्होंने एतिहासिक योगदान दिया।

### भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने दिखायी एकजुटता, संगठन को मजबूत करने पर जोर

## केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचायें: श्याम नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत भाजपा कार्यालय में मंगलवार को सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने की, जबकि संचालन महामंत्री श्रवण अग्रवाल ने किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता भाजपा पलामू के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया और कहा कि भाजपा की नीतियां समाज के सभी वर्गों के लिए हितकारी हैं। श्री दुबे ने कहा कि कार्यकर्ता सिर्फ कागजों पर सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर जनसेवा करें। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के






मजबूत कार्यकर्ता ही बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ को सुदृढ़ करते हैं और आम जनता तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाते हैं। सम्मेलन में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाएं और हर व्यक्ति को भाजपा की विकास नीति से अवगत कराएं।

इस अवसर पर कार्यक्रम में रामप्रवेश सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, सोमेश सिंह, नरेंद्र सिंह, उदयनाथ विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, विजय कुमार कुशवाहा, सीबी रमन सिंह, विनोद पांडे, सतेंद्र पासवान, राजीव रंजन, नर्मदेश्वर सिंह, विमलेश सिंह, रविंद्र सिंह, चंदन सिंह, पप्पू सिंह, अजय गुप्ता, विजय राजवंशी, ओमप्रकाश राजवंशी, सतेंद्र सिंह, रमेश प्रजापति, रविरंजन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, अजय सिंह, संजय सिंह, रामेश्वर राम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन की आगामी रणनीति और जनहित में कार्य करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आये।

## समता स्कूल जपला में बाबा साहब की जयंती मनायी गयी




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल में भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनायी गयी। विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने सभी शिक्षकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। यह मजदूरों महिलाओं और समाज से वंचित और कमजोर वर्ग के सशक्त बनाने को लेकर उन्होंने अहम योगदान दिया। वह वकील होने के साथ-साथ अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने संविधान निमार्ता में अहम भूमिका निभायी। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी ,प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी , रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर और सैकड़ों छात्राओं भी उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ शुरू



सिसई (आजाद सिपाही)। भदौली महादेव मंडा पूजा समिति द्वारा पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ का शुभारंभ महादेव मंडा टांड़ में मंगलवार को किया गया। महायज्ञ के पहले दिन यजमान शुद्धि,कलश यात्रा, पंचांग पुजन, मंडप प्रवेश के साथ हुई। मंगलवार अहले सुबह कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से निकलकर बसिया रोड स्थित पारस नदी पहुंची। कलश यात्रा में 1151 महिलाएं व कन्याओं ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ नदी से कलश में जल भरकर नगर भ्रमण पदयात्रा करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचकर मुख्य महायज्ञ आचार्य सुर्य नारायण पाठक के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार कलश स्थापित किया। कलश यात्रा में माताओं-बहनों के साथ समिति पदाधिकारी और सदस्य गणों सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जन शामिल हुए। कलश यात्रा के उपरांत समिति द्वारा सभी श्रद्धालु भक्त जनों के बीच गुड़ -चना, शर्बत व महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष राजेश उरांव, सचिव रामानंद सिंह, महासचिव शुभम किशोर सिंह व कोषाध्यक्ष प्रभात साहु, उप कोषाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि महादेव मंडा टांड़ भदौली में समाज के कल्याण, शांति एकता और अखंडता के लिए हरिहर महायज्ञ का आयोजन किया गया है।

## सरहुल पर निकाली शोभायात्रा



रायडीह (आजाद सिपाही)। प्रकृतिक पर्व सरहुल मंगलवार को कुड़ोछत्रपुर मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मांझाटोली सरना स्थल पर बैगा पूजार मोती मुंडा, मंगरू मुंडा, बुधवा महतो के द्वारा विधिवत तरीके से पारंपरिक पूजा अर्चना कर किया गया, और गांव समाज मे सुख, शांति, समृद्धि, अच्छी वर्षा, अच्छी फसल पैदावर अच्छा हो उसकी मनोकामना की तत्पश्चात डाड़ा पड़हा रायडीह एंव अतखा पड़हा कुड़ोछत्रपुर के अगुवाई में सरहुल शोभायात्रा धुमकुड़ीया से आरंभ हुआ और नेशनल हाइवे 43 होते हुए शंखमोड मांझाटोली पंखराज साहेब कार्तिक उरांव तीराहा पहुंचा। इस दौरान जनजातिय समुदाय के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा परिधान मे सज धजकर मांदर और नगाड़ा की धुन मे नाच गाकर खुशी मनाया। शंखमोड मांझाटोली स्थित कार्तिक उरांव के आदम कद प्रतिमा पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। इसमे पुर्व प्रमुख ममता सोरेंग उपप्रमुख दिपक कुजूर मुखिया टुंईया कुजूर, आशा सुचिता एक्का, मार्था एक्का के द्वारा माल्यार्पण किया गया।

## वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के आदर गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लगभग 60 वर्षीय बिरसाई उरांव की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। एसआइ विकास कुमार ने बताया कि बीते सोमवार की रात्रि की घटना है और वह आदर के लालपुर गांव का रहने वाला है वह हमेशा नशे में रहता था और आंशिक विक्षिप्त भी है। रात भर सड़क में घूमता रहता था। सोमवार की रात वह सड़क के बीचों-बीच सोया था जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे सड़क से किनारे करके सुलाया था। सुबह देखा तो वह किसी अज्ञात वाहन के द्वारा कुचला गया था और वह मृत पड़ा था। जिसके बाद मंगलवार की सुबह शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सरहुल सिर्फ एक पर्व नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था है : शिवकुमार भगत



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में मंगलवार को सरहुल पर्व मनाया गया। इस दौरान सरहुल संचालन समिति के द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पहान पुजार के द्वारा झखरा कुंबा में पूजा अर्चना की गयी। जिसके बाद विभिन्न गांव से आए खोड़हा दल एकत्रित हुए और जुलूस के शक्ल में चांदनी चौक, थाना चौक व ब्लॉक चौक होते हुए करम डीपा पहुंचे। जहां सभा में तब्दील हो गया। खोड़हा दल के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा के साथ ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए दिखे। संचालन समिति के द्वारा सभी दल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से मौजूद शिवकुमार भगत ने कहा सरहुल सिर्फ एक पर्व नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और धन्यवाद ज्ञापन का पर्व है। हम साल वृक्ष, जल, जंगल और जमीन की पूजा करते हैं, जो हमारी संस्कृति की आत्मा है। पूर्वजों के द्वारा जो धरोहर हमें मिला है इसे जन्मो जन्मांतर तक दिन-ब-दिन बेहतर करते हुए मनाने की दिशा में प्रयासरत रहने की जरूरत है। समिति के सचिव योगेंद्र भगत ने कहा कि हम आदिवासी प्रकृति के पूजा है। हमारा जीवन प्राकृतिक पर निर्भर रहता है। उन्होंने युवाओं को आगे आकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही ताकि आने वाले पीढ़ी को हमारी संस्कृति सभ्यता परम्परा को बेहतर करने की दिशा में बताया जा सके। इस दौरान पूरे प्रखंड से लगभग 150 से अधिक खोड़हा दल पहुंचे। इस मौके पर मुख्य रूप से शिवकुमार भगत, सीआरपीएफ के डीआइजी रविंद्र भगत, राजकुमार भगत, योगेंद्र भगत, अनिरुद्ध चौबे, कौशल किशोर सिंह, शीला कुजूर, शीला रानी, शिवा देवी, कृष्णा लोहरा, लाल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## बारिश और ओलावृष्टि से फसल बर्बाद



गुमला (आजाद सिपाही)। पिछले दो दिनों से अचानक हुए भरी बारिश और ओलावृति ने कई किसानों की तोड़ कर रख दी। गुमला सदर प्रखंड के पूर्वी भाग में किसानों के द्वारा लगाये गये तरबूज, मकई, बोदी, भिन्डी, बैगन, टमाटर, गेंहू, खीरा की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गये। वहीं आम के फसल तेज बारिश और आंधी में टूटकर गिर गये और किसानों के आर्थिक आमदनी पर ग्रहण लग गया। तेज बारिश ओला वृष्टि व आंधी के कारण तरबुज की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया। खेतों में तरबूज के पौधे मर गये। छोटे-छोटे तरबुज खेत पर ही पड़े हैं, जो किसानों को मुंह चिढ़ा रहा है। प्राकृति के मार से किसान अपने को बेबस महसूस कर रहे हैं। मंगलवार दिन के 2:00 बजे किसानों ने बताया जिस तरबूज की खेती से अच्छी आमदनी की उम्मीद थी उसे तेज बारिश व ओलावृति ने चौपट कर दिया। यहां तक कि हमारे लागत और मेहनत पर पानी फिर गया। बारिश से गुमला के पूर्वी भाग के रघुनाथपुर, कोटेंगसेरा, करंजटोली, रेकमा, कलिगा, कुटासी, कानाटोली, बेला, रकमसेरा, नगसेरा आदि गांवों में सैकड़ों एकड़ में लगे सब्जी, तजबूज, आम और खीरा की खेती को बर्बाद कर दिया।

# मंझाटोली में कार्तिक उरांव चौराहे के सुंदरीकरण कार्य की होगी जांच

**कार्य में घटिया निर्माण की खबर पढ़ते ही उपायुक्त ने लिया संज्ञान**

**कार्य में सुधार नहीं हुआ तो संवेदक और संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध होगी कार्रवाई: उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



### क्या है मामला

रायडीह प्रखंड के शंख मोड़ मांझाटोली स्थित कार्तिक उरांव चौक का सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके तहत सड़क के दोनों ओर पेबर ब्लॉक बिछाना है। इसकी कार्य एजेंसी आरसीडी है। जिसने निविदा के तहत यह कार्य संवेदक गौरव मिश्रा को दिया है। लगभग 50 लाख की प्राक्लित राशि वाले इस कार्य का टेंडर 22 अक्तूबर 2023 को हुआ था। जिसके मुताबिक 3 माह में कार्य पूर्ण करना था। लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के वावजूद कार्य पूर्ण नहीं हुआ। ठेकेदार के कुछ जगह पेबर ब्लॉक बिछाकर बाकी जगह सिर्फ गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे लगातार हो रही बारिश की वजह से चौक में तालाब जैसी स्थिति बन गयी है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों के साथ ही स्थानीय लोगों को घरों से निकलने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**गुमला।** मंझाटोली में कार्तिक उरांव चौराहे के सुंदरीकरण कार्य के निर्माण घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों की नाराजगी को आजाद सिपाही अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त ने मामले पर फौरन संज्ञान लिया। उपायुक्त ने आजाद सिपाही से बात कर बताया कि उन्होने आजाद सिपाही की खबर पढ़ने के साथ ही आरसीडी को कार्य सुधरवाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर कार्य में सुधार नहीं हुआ और आगे भी पापरवाही बरती गई तो संवेदक और संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने यह भी बताया कि इस कार्य से संबंधित नाराज ग्रामीणों का एक आवेदन भी उन्हे प्राप्त हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि कार्य की अनियमितता सबकी नजर में है। लेकिन आजाद सिपाही ने इस खबर की सच्चाई को सामने लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सभो ने आजाद सिपाही की टीम को धन्यवाद दिया।

**मस्जिद से दुर्गा मंदिर तक नाली निर्माण की मांग**

ग्रामीणों ने कहा कि मंझाटोली स्थित मस्जिद से दुर्गा मंदिर तक नाली का निर्माण होना काफी जरूरी है। अभी ये भूभाग खुदा हुआ है। अगर अभी नाली का निमार्ण हो जाता तो सुंदरीकरण का कार्य व्यवस्थित ढंग से हो सकता है। कमलेश झा ने उपायुक्त से सुंदरीकरण कार्य के साथ साथ नाली निर्माण कराने का आग्रह किया है।

## विवाह पंजीकरण में दिक्कतों को लेकर मिशन बदलाव की टीम डीसी से मिली

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव जिला सचिव और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में मिशन बदलाव की ओर टीम डीसी गुमला को लेकर मांग पत्र दिया और बताया कि गुमला जिले में प्रखंड से लेकर नगर सभी को जगहों में शादीशुदा पंजीकरण के लिये आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सैयदा ने डीसी से मांग की है कि सभी जगहों में ऑनलाइन व्यस्था बहाल करें, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े और डीसी को बताया कि आज आम जनता को शादीशुदा एव विवाह का पंजीकरण के लिए कोर्ट कचहरी का चक्र लगाना पड़ रहा है।

## रसोइयों ने अपनी मांगों को लेकर बीइइओ और बीपीओ कार्यालय में जड़ा ताला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** साठ साल के बाद हटाये जा रहे रसोइया के स्थान पर उसके ही बहू या बेटी को नियुक्त करने की मांग को लेकर गुमला जिला के रसोइया और संयोजिका ने मंगलवार को गुमला में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में तालाबंदी कर दी और दरवाजा के सामने धरना पर बैठ गयी। रसोइया संयोजिका के तालाबंदी से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में कंप्यूटर आपरेटर और परियोजना कार्यालय में बैठक कर रहे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित संकुल साधन सेवी घंटों बंधक बने रहे। बीपीओ ओम प्रकाश दास ने बीडीओ को कार्यालय में बाहर से ताला बंदी करने और अंदर में बीपीओ सहित संकुल साधन सेवी के बंद होने की सूचना दी। बीडीओ के निर्देश पर रसोइया संयोजिका ने बैठक कर रहे अधिकारी और साधन सेवी को बाहर निकाला और फिर से ताला जड़ दिया जबकि बीइइओ कार्यालय में देर शाम तक ताला बंद रखा। कंप्यूटर आपरेटर शाम तक बंधक बना रहा। रसोइया संयोजिका संघ के अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि वे लोग वर्ष 2004 में निःशुल्क सेवा दिए। अभी 20 से 25 पैसा प्रति बच्चा के दर से काम कर रहे हैं। साठ वर्ष में हटा देने के बाद रसोइया कहां जायेंगे। वे अपनी मांग को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं साथ ही लंबित मानदेय की भुगतान की मांग भी शामिल है। इधर बीपीओ ओम प्रकाश दास ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन में है कि साठ वर्ष होने के बाद रसोइया का सेवा समाप्त करते हुए स्थानीय मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम सभा कर नियम के अनुरूप रसोइया का चयन करना है। ताला बंदी की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी को दे दी गयी है। ताला बंदी में देवकी देवी सहित काफी संख्या में रसोइया संयोजिका शामिल थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची

(पंचायत शाखा)

Email Id– ranchi.dpro@gmail.com ranchi.dpro@jharkhandmail.gov.in

### आम सूचना

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड के पत्रांक 144 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 के निमित मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन दिनांक 15.04.2025 से 26.04.2025 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रात 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक शहरी निकाय के कार्यालय/वार्ड कार्यालय/संबंधित अंचल कार्यालय में किया जा रहा है साथ ही राँची जिला के अधिकारिक बेवसाइट https://ranchi.nic.in पर भी अपलोड किया जा रहा है। राँची जिला के शहरी क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं से अनुरोध है कि प्रारूप मतदाता सूची का निरीक्षण कर यदि कोई दावा/आपत्ति हो तो प्रपत्र– 'क' एवं प्रपत्र– 'ख' में संबंधित पदाधिकारी को लिखित रूप से समर्पित करेगें।

| क्र0 | मतदाता सूची प्रारूप निरीक्षण से संबंधित कार्यालय | संबंधित वार्ड संख्या | प्राधिकृत पदाधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | अंचल कार्यालय, बड़गाई | 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10 | श्री शिव शंकर पाण्डे, अंचल अधिकारी |
| 2 | अंचल कार्यालय, शहर | 11,13,14,15,16,17,18,19,20, 21,22,23,24,27,28,29,30,46 | श्री शिव शंकर पाण्डे, अंचल अधिकारी |
| 3 | अंचल कार्यालय, हेहल | 25,26,31,32,33,34,35 | श्री घनश्याम कुमार, अंचल अधिकारी |
